शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

मौसम

तापमान 29 – 24
आर्द्रता 86%
सूर्योदय: 5:38 सूर्यास्त: 17:03

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अपनी जिंदगी के फैसले अपनी परिस्थितियों को देखकर करें।



वॉशिंगटन सुंदर के नाम पुणे टेस्ट का पहला दिन, 'सत्ता' जड़कर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ी -पृष्ठ 8

# चक्रवात दाना : बंगाल में 2.43 लाख लोगों ने राहत शिविरों में ली शरण : ममता

## मुख्यमंत्री ने रातभर राज्य सचिवालय से स्थिति पर रखी निगरानी



- बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा- चक्रवात से निपटने के लिए राज्य प्रशासन पूरी तरह तैंयार
- निचले इलाकों से 3.5 लाख लोगों को निकाला जाएगा

**कोलकाता :** चक्रवात दाना के संभावित प्रभाव को देखते हुए बंगाल में इससे निपटने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह चक्रवात के लैंडफाल होने तक गुरुवार रातभर राज्य सचिवालय नवान्न में ही रहकर पूरी स्थिति पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखेंगी। शाम में राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि चक्रवात से निपटने के लिए राज्य प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने लोगों से बेवजह नहीं डरने और सावधान रहने की अपील की। मुख्यमंत्री ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आह्वान किया। ममता ने आगे कहा कि चक्रवात दाना के मद्देनजर प्रशासन ने राज्य के निचले इलाकों से निकाले जाने वाले 3.5 लाख से अधिक लोगों की पहचान की है। लोगों से एहतियाती कदम उठाने और प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि 2,43,374 लोगों ने शिविरों में शरण ले ली है। ममता ने कहा कि निचले इलाकों से निकासी के उद्देश्य से कुल 3,56,941 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि तटीय क्षेत्र में राहत सेंटर खोले गए हैं। स्थिति की निगरानी और सूचनाएं साझा करने के लिए राज्य सचिवालय में कंट्रोल रूम भी खोला गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 033- 22143526/1070 है। यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव और गृह सचिव सहित अन्य अधिकारी भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। ममता ने कहा कि मानव जीवन सबसे कीमती चीज है। मानव जीवन की रक्षा होनी चाहिए और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है।

उन्होंने लोगों से चक्रवात के संबंध में अफवाह न फैलाने और दहशत पैदा नहीं करने का आग्रह किया। ममता ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौ जिलों में शैक्षणिक संस्थान बुधवार से ही बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं आप सभी का सहयोग चाहती हूं। सतर्क रहें। अगर पुलिस या प्रशासन आपको कोई जगह खाली करने के लिए कहता है, तो कृपया उनकी सलाह पर ध्यान दें। समुद्र में न जाएं।

भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के अनुसार, चक्रवात दाना के शुक्रवार तड़के ओडिशा भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने चक्रवात के प्रभाव के मद्देनजर कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने चेतावनी दी है।

ममता ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि अगर चक्रवात ओडिशा के तट से टकराता है तो भी इसका बंगाल पर काफी असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि लैंडफाल कब होगा, इसका कोई निश्चित समय अभी पता नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसी भी समय आपदा की स्थिति के लिए तैयार रहने की सलाह दी।

### विभिन्न विभागों के सचिवों को दी गई जिम्मेदारी

विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों को आपदा की स्थिति पर नजर रखने की विशेष जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए आठ विभागों के सचिवों को अलग-अलग जिलों में भेजा गया है। उन्होंने सभी मंत्रियों और पार्टी नेताओं को भी आज रात अपने-अपने जिले में नजरदारी करने का निर्देश दिया। ममता ने यह निर्देश भी दिया कि जब तक लैंडफाल नहीं हो जाता तब तक कोई भी जिलाधिकारी अपना चेंबर नहीं छोड़ेंगे।

## बंगाल में आंधी-तूफान में तीन नावें पलटीं, 16 मछुआरे लापता

**चक्रवात को लेकर चेतावनी के बावजूद गंगा नदी में हिलसा मछलियां पकड़ने गए थे**

**कोलकाता :** चक्रवात दाना के आने से पहले ही बंगाल के शमशेरगंज व फरक्का इलाकों में आंधी-तूफान की चपेट में आकर तीन नावें पलट गईं। उसपर सवार 16 मछुआरे लापता हैं। आपदा प्रबंधन दल उन्हें तलाश रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवात को लेकर प्रशासन की ओर से जारी की गई चेतावनी के बावजूद बुधवार शाम शमशेरगंज में दो व फरक्का में एक नाव पर सवार होकर मछुआरे गंगा नदी में हिलसा मछलियां पकड़ने गए थे। शाम ढलने के बाद अचानक आए आंधी-तूफान में तट से थोड़ी दूरी पर तीनों नाव पलट गईं। उनमें सवार 20 मछुआरे नदी में गिर गए। तट पर मौजूद लोगों की मदद से चार का उद्धार कर लिया गया। बाकी 16 का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आपदा प्रबंधन दल की मदद से उन्हें तलाश रही है।

## देश में 80 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**नयी दिल्ली :** भारतीय विमानन कंपनियों की 80 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन कर रहे विमानों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने ताया कि 'एअर इंडिया', 'विस्तारा' और 'इंडिगो' के करी 20-20 विमानों को म से उड़ाने की धमकी मिली है, जकि 'अकासा एयर' की करीब 13 उड़ानों को ऐसी धमकी मिली है। सूत्रों के अनुसार इसके अलावा, 'एलायंस एयर' और 'स्पाइसजेट' की करीब पांच-पांच उड़ानों को भी ऐसी धमकी मिली है। पिछले 11 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों की लगभग 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।'इंडिगो' के एक प्रवक्ता ने ृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी को 20 उड़ानों के लिए सुरक्षा संधी अलर्ट प्राप्त हुए हैं।




## सरकार ने दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी, 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा।

## अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कोष भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के तत्वावधान में काम करेगा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर इसका संचालन किया जाएगा।

## जम्मू कश्मीर: एलओसी के पास सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला, दो जवान शहीद

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया है। इस हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि सेना के लिए काम कर रहे दो मजदूरों की भी मौत हुई है। वहीं दो जवान घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि एलओसी के पास बोटापत्थर गुलमर्ग के नागिन पोस्ट इलाके के पास सेना की एक गाड़ी पर हमला हुआ। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। हालांकि, सेना की ओर से पुष्टि का इंतजार है। सूत्रों का कहना है कि यह घुसपैठ की कोशिश हो सकती है।

**सुप्रीम कोर्ट का सभी अदालतों को निर्देश**

# दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतें, बेगुनाहों की रक्षा करें

**नई दिल्ली :** अगर आपसे पूछा जाए कि 2-4 ऐसे कानूनों का नाम बताइए जिसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग होता है। जवाब में दहेज उत्पीड़न से जुड़ा कानून शायद ही किसी की लिस्ट में जगह पाने से छूटे। इस कानून को पति के घरवालों और रिश्तेदारों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। गुनाह किसी का भी हो लेकिन घर के हर बालिग सदस्य को आरोपी बना दिया जाता है। जमानत भी मुश्किल से होती है। कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर अदालतें भी चिंता जताती रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले में आरोपी को बरी करते हुए अदालतों को सलाह दी है कि वे दहेज उत्पीड़न या दहेज हत्या से जुड़े मामलों सावधानी बरतें। ध्यान रखें कि कोई बेगुनाह परेशान न हो।

## निवेश के लिए आदर्श जगह है भारत : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर के पुणे में आगामी संयंत्र को लेकर दिखाए उत्साह पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत निवेश के लिए एक आदर्श स्थान है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुछ दिन पहले यूइसुन चुंग से मिलकर खुशी हुई है। भारत वास्तव में निवेश के लिए आदर्श स्थान है। मुझे पुणे में संयंत्र को लेकर हुंदै का उत्साह देखकर खुशी हुई। महाराष्ट्र भारत का आर्थिक केंद्र है और इस तरह के बड़े निवेश से राज्य के लोगों को बहुत लाभ होगा। हुंदै मोटर समूह के कार्यकारी चेयरमैन यूइसुन चुंग ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। चुंग ने प्रधानमंत्री मोदी को पुणे में हुंदै के संयंत्र के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि यह कंपनी के लिए बड़ा बदलाव लाने वाला निवेश होगा। हुंदै की भारतीय इकाई हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा कि कंपनी भारत के विविधतापूर्ण बाजार और सुधारवादी दृष्टिकोण की वजह से उसके साथ मिलकर काम करने को बहुत प्राथमिकता देती है।

**कनाडा ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा**

## खालिस्तान के नाम पर चल रहा अपराध का कारोबार: राजनयिक वर्मा




**नयी दिल्ली :** कनाडा के व्यवहार को अत्यंत घटिया बताते हुए वहां से वापस बुलाए गए भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि ऐसे देश ने, जिसे हम मित्रवत लोकतांत्रिक देश मानते हैं, भारत की पीठ में छुरा घोंपा और सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया अपनाया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि मुट्ठीभर खालिस्तान समर्थकों ने इस विचारधारा को एक आपराधिक उपक्रम बना दिया है जो मानव तस्करी और हथियार तस्करी जैसी अनेक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस सबके बावजूद कनाडा के अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं क्योंकि ऐसे कट्टरपंथी स्थानीय नेताओं के लिए वोट बैंक होते हैं। कनाडा ने अपने नागरिक और भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में हत्या के मामले में कहा था कि वर्मा इस मामले में जांच के तहत 'निगरानी की श्रेणी' में हैं। इस मामले में कनाडा आगे कोई कार्रवाई करता, उससे पहले भारत ने वर्मा और पांच अन्य राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया। वर्मा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक किया और वह एक परमाणु विज्ञानी हैं। वह जापान तथा सूडान में भारत के राजदूत रह चुके हैं। क्या उन्होंने अपने 36 साल के राजनयिक कॅरियर में कभी इस तरह का कुछ देखा है, इस सवाल पर वर्मा ने कहा, ''यह अत्यंत घटिया बात है। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रति सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया है। अगर वे मानते हैं कि यह उनके लिए भी एक व्यापक रिश्ता है तो राजनयिक के पास अन्य कूटनीतिक साधन होते हैं। चीजों का संतोषजनक समाधान निकालने के लिए इन साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता था।''

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## आयु निर्धारित करने के लिए आधार कार्ड वैध दस्तावेज नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुआवजा देने के लिए सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति की आयु निर्धारित करने के लिए आधार कार्ड को स्वीकार कर लिया गया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि मृतक की उम्र किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 94 के तहत विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र में उल्लिखित जन्मतिथि से निर्धारित की जानी चाहिए। पीठ ने उल्लेख किया, ''हमने पाया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अपने परिपत्र संख्या 8/2023 के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 20 दिसंबर, 2018 को जारी एक कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में कहा है कि एक आधार कार्ड पहचान स्थापित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन यह जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है।'' शीर्ष अदालत ने दावेदार-अपीलकर्ताओं के तर्क को स्वीकार कर लिया और मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के फैसले को बरकरार रखा, जिसने मृतक की उम्र की गणना उसके विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र के आधार पर की थी।



# पंजाब में फसल विविधीकरण ही अंतिम समाधान

पंजाब में धान की भरपूर पैदावार के बाद किसानों का हैरान-परेशान होना व्यवस्था की विसंगतियों व तंत्र की नाकामी को ही दर्शाता है। राज्य की अनाज मंडियों में धान बहुतायत में पड़ा होना न केवल खरीद एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों में व्यावहारिक तालमेल न होना भी बताता है। जिसके चलते विपणन से जुड़े हितधारक विरोध जता रहे हैं। विडंबना देखिए कि किसान खून-पसीने से उगायी फसल को भी समय पर नहीं बेच पाने से परेशान हैं। किसान धीमी खरीद प्रणाली से चिंतित हैं। वहीं चावल मिल मालिकों की दलील है कि उनके पास अतिरिक्त भंडारण की क्षमता नहीं है। दूसरी ओर धान की खरीद से जुड़े आढ़ती अपने कमीशन को बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये हालात किसानों को परेशान करते हैं और खरीद प्रणाली में सुधार की जरूरत को बताते हैं। विडंबना है कि यह सारा हंगामा एक ऐसी फसल को लेकर हो रहा है, जिसको उगाने में प्रयुक्त पानी ने राज्य में एक गंभीर जल संकट को जन्म दे दिया है। वजह है धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन। फलत: राज्य का एक बड़ा इलाका मरुस्थलीकरण की ओर उन्मुख है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठता है कि पंजाब आखिर कब तक धान की खेती के जरिये अपने इन अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात करता रहेगा? इसमें दो राय नहीं है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर सुनिश्चित खरीद पंजाब के धान उत्पादकों को केंद्रीय पूल में अधिक अनाज के योगदान के लिये प्रेरित करती रही है। निस्संदेह, हरित क्रांति के बाद देश की खाद्य सुरक्षा शृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब का बड़ा योगदान रहा है। जिसके चलते देश खाद्यान्न संकट व कुपोषण के अभिशाप से किसी हद तक मुक्त हो सका है। जबकि एक हकीकत यह भी है कि यह फसल पंजाब का मुख्य भोजन नहीं रही है।

निश्चित तौर पर केंद्र व राज्य सरकार को तालमेल बनाकर इस संकट के समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में लबालब भरे अन्न भंडार राज्य की अपेक्षाओं और केंद्र की आवश्यकताओं के बीच तालमेल के अभाव को दर्शाते हैं। विडंबना देखिये, इसी धान के उत्पादन का एक प्रतिप्रभाव यह भी है कि पंजाब के हिस्से में प्रदूषण बढ़ाने वाला पराली दहन का आक्षेप आता है। जिसे उत्तर क्षेत्र में अक्तूबर-नवंबर में बढ़ने वाले वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक बताया जाता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि एक तो किसानों को पराली निस्तारण का कारगर विकल्प केंद्र व राज्य सरकारें नहीं दे पायी हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों के पास रबी की फसलों की बुआई के लिये अधिक समय नहीं बचा होता। जिसके चलते उनको पराली जलाने के अलावा दूसरा कारगर विकल्प नजर नहीं आता। बहरहाल, इस चौतरफा संकट के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में धान की खेती की समाप्ति के लिए चरणबद्ध तरीके से बहुप्रचारित फसल विविधीकरण योजना को अविलंब लागू किया जाना चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन में देरी कई तरह के संकटों को बढ़ावा ही देगी। यह एक हकीकत है कि लंबे समय तक किसानों का धान की ही खेती करना, राज्य के लिये घातक ही साबित होगा। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साल भर चले आंदोलन से कोई सबक नहीं सीखा। हालिया घटनाक्रम से किसानों की वह आशंका बलवती हो रही है कि केंद्र सरकार लंबे समय तक धान की खरीद को जारी नहीं रखना चाहती। दरअसल, कुछ चुनिंदा फसलों के लिये ऊंची एमएसपी की घोषणा अन्य फसलों के उत्पादन के लिये किसानों को प्रेरित करने हेतु पर्याप्त नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, केंद्र सरकार को मक्का और दाल जैसी फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिये एक मजबूत व्यवस्था बनानी होगी। ऐसे में धान की खेती के लिये किसानों को हतोत्साहित करने से जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आ सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 अक्टूबर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष नवमी, 27:24 तक, नक्षत्र : पुष्य, 07:37 तक, योग : शुभा, 29:17 तक, सूर्योदय: 5:38, सूर्यास्त: 17:03, चन्द्रोदय : 24:18, चन्द्रास्त: 13:05, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 09:55 से 11:20

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा। अगर आप किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सावधानी बरतें, पांव में चोट लगने का भय है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलेगी और बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो सावधान रहे।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा और आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के करियर को लेकर की जा रही भागदौड़ आपके लिए सफल साबित होगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। आपको मानसिक शांति और खुशी प्राप्त होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन शुभ फलकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आज कारोबार से जुड़े कुछ नए कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में मिलेजुले फल प्राप्त होंगे और कुछ योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन बिना वजह के खर्च वाला रहेगा और आपको कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आप जो भी कार्य अपने करियर को लेकर करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। संतान के करियर को लेकर किसी विवाद का हल निकलेगा और आपको लाभ होगा।

# पीएम इंटर्नशिप योजना: करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

**वी. अनंत नागेश्वरन और दीक्षा सुप्याल बिष्ट**

कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक ही सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं (र्हींींि://ïळ्पूीीश्र.ले/व675ïं5क्ष)। यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए, आदि को छोड़कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रूपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए, पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देश भर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा, उम्मीदवार जिम्मेदारी



संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

नियोक्ता के लिए, इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का एक रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान, कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू और ईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से, पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में 'रोजगार रहित प्रतिभा' के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।

इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

(वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। दीक्षा सुप्याल बिष्ट भारतीय आर्थिक सेवा में एक अधिकारी हैं। ये उनके निजी विचार हैं)।

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा



**ललित गर्ग**

गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं।

चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है।

भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। इन दूरियों के दंश को मिटाने में समय, समझ एवं सूझबूझ की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री मोदी एक परिपक्व राजनेता के रूप में पिछले पांच बरसों से राष्ट्रपति चिनफिंग से इसलिए नहीं मिले कि चीन जब तक अपनी सेना पीछे नहीं करेगा, तब तक दोनों की मुलाकात नहीं हो सकती। कजान में हुई बातचीत में जिस तरह रिश्तों को सामान्य बनाने पर जोर दिया गया है, उसके मद्देनजर भारत का जोर इस बात पर भी रहेगा कि एलएसी के पीछे के इलाकों से दोनों देश अपनी सैन्य तैनाती पूरी तरह खत्म कर दें। दोनों देशों को एलएसी पर पूरी तरह परस्पर भरोसे का माहौल कायम करना होगा। भारत के लिए राहत की बात यह है कि देपसांग और डेमचोक पर भी सहमति बनी है। लेकिन भारतीय जनमानस के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि दोनों देशों ने सीमा पर जो 50 हजार सैनिक तैनात कर रखे हैं, उन्हें कब वापस लाया जाएगा? ताजा घटनाक्रम की सफलता एवं सार्थकता तभी संभव है जब एक दूसरे के प्रति आदर, विश्वास, भरोसा और संवेदनशीलता होगी। रूस के कजान शहर में एक अच्छी शुरुआत जरूर हुई है लेकिन आगे का रास्ता तभी खुलेगा जब कुछ हद तक चीन अपना रवैया बदलेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए: जयशंकर



**कजान (रूस) :** संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने को आज के समय की विशेष जरूरत बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए और एक बार सहमति बन जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए। एक अधिक समतामूलक वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए पांच सूत्री मंत्र देते हुए जयशंकर ने वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को सुधारने पर जोर दिया जो औपनिवेशिक कालखंड की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ यह किया जाना चाहिए। जयशंकर ने रूस के कजान में ब्रिक्स के 'आउटरीच' सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शामिल होते हुए यह बात कही। सम्मेलन के मेजबान रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन हैं। उन्होंने कहा, 'हम कठिन परिस्थितियों में मिल रहे हैं। विश्व को दीर्घकालिक चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारा यहां एकत्रित होना इस बात का संदेश है कि हम ऐसा करने के लिए वाकई तैयार हैं।' जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' विदेश मंत्री ने कहा, 'संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटना आज के समय की विशेष जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। एक बार सहमति हो जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए।'

## वर्ग पहेली नं. 2897

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | | | ■ | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | 26 | ■ | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | | |
| 31 | | | ■ | 32 | | | ■ | ■ | |

➲ *बायें से दायें :-* 1) सूर्योदय, 3) असलियत, 7) सप्ताहान्त, 8) नासमझ, 10) महत्त्वहीन; लघुकाय; छोटा, 12) अदद; पर्वत; रत्न, 13) स्त्रीलिंगीय *(सजीव)*, 15) अल्पव्यय; बक़ाया; *सेविंग्स*, 17) बुद्धि, 19) एक *लैटिन* भाषा, 20) आरोग्यलाभ; छुटकारा; चैन; सांत्वना, 22) पदक, 23) एक पादत्राण, 24) नक़ली, 25) वह दैत्य जिसने स्वर्ण-हिरन बनकर सीता को धोखा दिया था *(रामायण)*, 27) वे और मैं, 29) ऊँचा गोलाकार स्तंभ, 30) न ऊँचा न नीचा; मैदानी, 31) सुगम; बोध्य *(भाषा)*, 32) प्रधान अभिनेत्री; *हीरोइन (सिनेमा, नाटक)*.

➲ *ऊपर से नीचे :-* 2) अपराध; कोई बड़ा कार्य, 3) अतापता; पतानिर्देश; संदर्भ, 4) तोता, 5) वृक्ष का धड़, 6) कपोल-कल्पित, 9) ख़ैरात; *डोनेशन*, 10) भारत का एक घटक राज्य, 11) दृष्टिकोण, 14) थानेदार, 15) कृष्ण, 16) काँटा, 18) स्वच्छंदी *(स्त्री)*; छबीली; एक रंगबिरंगे पंखोंवाला सुंदर कीड़ा, 21) मारे हुए और घायल, 24) गुप्तचर, 25) चुराना; पीटना; प्राण लेना, 26) रुचि; स्वाद-प्रेम, 28) खँडहर टीला, 29) दो कोस का फ़ासला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | का | र | ■ | ■ | डं | ठ | ल | ■ |
| ■ | र | ■ | त | ह | ल | का | ■ | ब | स |
| प्र | चा | र | ■ | वा | त | ■ | अ | ■ | मु |
| था | ■ | ह | ■ | ला | ■ | अ | भि | रु | चि |
| ■ | ■ | म | र | त | बा | ■ | षे | ■ | त |
| स | चे | त | ■ | ■ | ह | र | क | त | ■ |
| मा | ला | ■ | मु | बा | र | क | ■ | ज | ल्दी |
| प | ■ | ठी | ■ | ज | ■ | म | जा | र | ■ |
| न | म | क | ह | रा | म | ■ | त | बा | ही |

## सुडोकू-पहेली-2857

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | 6 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 8 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | 9 | | | 4 | | |
| | 7 | 8 | | | | | | |
| 3 | | 2 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2856 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 |

# बंगाल के लोग दृढ़ता से दाना चक्रवात का करेंगे सामना : राज्यपाल

❑ बंगाल के राज्यपाल ने चक्रवात को लेकर लोगों की सुरक्षा की कामना की
❑ राज्यपाल के निर्देश पर टास्क फोर्स का गठन के साथ राजभवन में खोला गया कंट्रोल रूम



**कोलकाता :** चक्रवात दाना के कारण भारी नुकसान की आशंका के बीच बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को फिर दो-हराया कि बंगाल के लोग दृढ़ता से चक्रवात का सामना करेंगे और हम जीतेंगे। लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने सभी की सुरक्षा की कामना की। राज्यपाल ने लोगों से घबराने की बजाय धैर्य रखने का आग्रह किया। एक वीडियो संदेश में राज्यपाल ने कहा कि चक्रवात दाना अब करीब आ रहा है। बंगाल के लोगों ने पूर्व में कई चक्रवातों का सामना किया है और विश्वास जताया कि लोग उसी आत्मविश्वास तथा साहस के साथ दाना का भी सामना करेंगे। बोस ने कहा कि बंगाल व भारत एकजुट होकर खड़ा है। हम जीतेंगे। उन्होंने सभी से आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों द्वारा जारी चक्रवात संबंधी सलाह तथा निर्देशों का पालन करने की अपील की।

राज्यपाल के निर्देश पर चक्रवात को लेकर लोगों की मदद के लिए एक टास्क फोर्स का गठन के साथ राजभवन में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) भी खोला गया है, जिसका फोन नंबर 033-22001641 है। राजभवन ने एक बयान में बताया कि यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम करेगा। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दाना के मद्देनजर राज्यपाल ने अपने सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं। राज्यपाल खुद राजभवन के नियंत्रण कक्ष से चक्रवात की गतिविधियों की निगरानी करेंगे। वह संवेदनशील जिलों की स्थिति पर भी नजर रखेंगे।

## खाली कराए तटीय क्षेत्र, पर्यटकों को वापस भेजा



**कोलकाता :** चक्रवात 'दाना' का खतरा लगातार बढ़ रहा है। खतरे को देखते हुए पूर्वी मेदिनीपुर में तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हटाया गया है। पूर्वी मेदिनीपुर के जिला अध्यक्ष पूर्णेंदु मांझी ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12 बजे से समुद्र की ओर जाने वाली सभी सड़कों को घेर दिया गया ताकि कोई आ न सके।लगभग 600 स्कूलों में दो लाख से ज्यादा लोगों को रखा गया है। होटलों को खाली करा दिया गया है। पर्यटकों को वापस उनके घर भेज दिया गया है। प्रशासन कोई भी जोखिम लेने को तैयार नहीं है। इसके अलावा सुंदरवन इलाकों से भी लोगों को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि तटीय क्षेत्रों से लोगों को हटाया जा रहा है। यहां जोखिम अधिक रहता है। इसके अलावा 65 गर्भवती महिलाओं को दूसरे जिले भेज दिया गया।

**Change of Name**

I, Ritu Agarwal, W/o. Rajesh Agarwal, residing at 33A, Tara Chand Dutta Street, Kolkata - 700073, do hereby solemnly affirm and declare that both names Ritu Rajesh Agarwal and Ritu Agarwal belong to the same and one person myself via affidavit for declaration before the Notary Public at Ahmedabad dated 20th September, 2023.

## चक्रवात दाना : सुंदरबन में दो दिनों के लिए नौका सेवाएं स्थगित



**कोलकाता :** देश के पूर्वी तटीय इलाकों में चक्रवात दाना का खतरा बढ़ता दिख रहा है। वहीं, पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाकों में एहतियात के तौर पर नाव सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में फैले तटीय इलाकों में गुरुवार और शुक्रवार को नाव सेवाएं निलंबित रहेंगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, चक्रवात दाना के गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच ओडिशा में केंद्रपाड़ा जिले के भीतरकनिका और भद्रक जिले के धामरा के बीच पहुंचने की संभावना है।

जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि सुंदरबन के तटीय क्षेत्र 2009 में आए चक्रवात आइला और 2020 में आए चक्रवात अम्फान के कारण काफी प्रभावित हुए थे।

जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा, हालांकि कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम कार्यालय से आश्वासन मिला था कि चक्रवात दाना का प्रभाव पश्चिम बंगाल में आए चक्रवात आइला और चक्रवात अम्फान के प्रभाव के आसपास भी नहीं होगा, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं उठा रहे हैं और उसी तरह की सावधानियां बरत रहे हैं, जैसा कि पिछले चक्रवातों के दौरान बरती गई थीं। तटीय सुंदरबन में नौका सेव-ाओं को स्थगित करना उन एहतियाती उपायों का एक हिस्सा है।साथ ही, अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी नियमित आधार पर तटीय सुंदरवन में नदी के तटबंधों की स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और संकट की अवधि समाप्त होने तक आम लोगों को उन तटबंधों पर जाने से रोक रहे हैं।

तटीय सुंदरवन में फैले द्वीपों के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी ने कहा कि क्षेत्रों में अस्थायी राहत केंद्रों को पहले ही पूरी तरह से चालू कर दिया गया है।

इस बीच, दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश शुरू हो गई है। खासकर दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर के दो तटीय जिलों में बारिश रुकने के नाम नहीं ले रही है। इन दोनों जिलों में हवा की गति भी काफी तेज है।

यहां तक कि राज्य की राजधानी कोलकाता में भी बारिश हुई, हालांकि रिपोर्ट दर्ज किए जाने के समय इसकी मात्रा नाममात्र थी।

पूर्वी मिदनापुर जिले के दीघा और मंदारमणि जैसे समुद्री रिसॉर्ट्स में, जिला प्रशासन के अधिकारियों को कुछ साहसिक पर्यटकों को समुद्र तटों के पास जाने से रोकने में मुश्किल हो रही है।

पूर्वी मिदनापुर जिले के एक अधिकारी ने कहा, हमने पर्यटकों को बुधवार रात तक इन समुद्री रिसॉर्ट्स को छोड़ने की सलाह दी है, लेकिन कुछ अति उत्साही लोग तटीय क्षेत्रों में चक्रवात का अनुभव करने के लिए यहीं रुके हुए हैं।

# निगम में खुला कंट्रोल रूम

❑ मेयर व अन्य अधिकारी रात भर रहेंगे चौकस
❑ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द



**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम 'आम्फन' से सीख लेकर सतर्क है।इस बार नगर निगम ने ऐहतियाती तौर पर ज्यादातर अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा ड्रेनेज, नागरिक, बिजली और प्रकाश, पार्क, स्वास्थ्य और कचरा विभाग को सतर्क कर दिया गया है। मेयर फिरहाद हकीम और नगर आयुक्त धबल जैन शहरी तैयारियों पर नजर रख रहे हैं।

2021 में कोरोना के दौरान चक्रवात 'आम्फन' आया। स्थिति से निपटने के लिए निगम को गति पकड़नी होगी। शहर के अधिकारी इससे सीख लेने को लेकर सतर्क हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात 'दाना' के गुरुवार आधी रात के आसपास ओडिशा के बिहारकनिका और धमारा से होते हुए लैंडफाल की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के एक वर्ग के अनुसार, यदि चक्रवात पूर्वानुमानित पथ पर आगे बढ़ता है तो इसका कोलकाता पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की भी संभावना है।

हालांकि नगर निगम हर तरह की स्थिति के लिए तैयार है। नगर निगम आयुक्त धबल जैन को नोडल अधिकारी बनाते हुए नगर और वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम को तैयार रखा गया है। कोलकाता नगर निगम के एक सूत्र के मुताबिक, नगर निगम के मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा। वहां से पूरे शहर में सीसीटीवी से निगरानी होती रहेगी। चक्रवात के कारण बुधवार से शुक्रवार तक सभी नियंत्रण अधिकारियों और आपातकालीन विभाग के कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।



चक्रवात दाना को ध्यान में रखते हुए जेटी से बांधे गए लॉन्च

## दाना चक्रवात का प्रभाव, कोलकाता में गुरुवार की सुबह से ही शुरू हुई बारिश

**कोलकाता :** दाना चक्रवात के प्रभाव से गुरुवार की सुबह से ही कोलकाता के आसमान पर बादलों का कब्जा रहा और बारिश होती रही। राज्य के तटीय जिलों पूर्व मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना के विभिन्न हिस्सों में भी बारिश हुई। इन दोनों जिलों में कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चली। मौसम विभाग ने गुरुवार और शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के जिलों में भारी बारिश और संकट की चेतावनी जारी की। पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई। इन दो दिनों के दौरान कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना और झाड़ग्राम जिलों में भी भारी बारिश का अनुमान है। दक्षिण बंगाल के बड़े हिस्सों में पूरे दिन आज बारिश हो सकती है। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से दक्षिण बंगाल के जिलों में बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। उस दिन केवल पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच 'दाना' चक्रवात ओडिशा के भितरकनिका और धामरा के बीच तट से टकराएगा। बुधवार आधी रात को यह चक्रवात एक शक्तिशाली तूफान में बदल गया था। इसके तट से टकराने के समय इसकी गति 100 से 110 किमी प्रति घंटा हो सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर यह गति 120 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।



दाना के चलते ट्रैन रद्द होने के कारण कई यात्रिओं ने हावड़ा स्टेशन पर लिया शरण



चक्रवात दाना के आने से पहले एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट कर्मचारियों ने एनएससीबीआई एयरपोर्ट के दरवाजों पर रेत की बोरियां रखीं

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-06-24, दिनांक 22.10.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-06-24 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में कर्ण सुबर्ण-खागड़ाघाट रोड शाखा के बीच किमी. 157/3-4 पर गेट नं. एलसी-24-ए-7 और किमी. 160/2-3 पर गेट नं. एलसी-24-ए-12 में एलसी गेट के समुन्नयन और इंटरलॉकिंग के संबंध में ओएचई रूपांतरण कार्य। । **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.11,71,980.40, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 23,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.11.2024 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-361/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-हरिणसिंह-24-25, दिनांक:** 23.10.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-हरिणसिंह-24-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हरिणसिंह-संपूर्ण लंबाई की गुड्स ट्रेनों की आवास व्यवस्था हेतु लाइन नं. 2 मेन लाइन के सीएएल/सीएसआर को बढ़ाने के लिए दुमका सिरे पर एक्स-ओवर पॉइंट सं. 53ए/बी के स्थानांतरण एवं एक्स-ओवर पॉइंट सं. 54ए/बी से आगे पुनःस्थापित करने के लिए। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,56,17,654.68, **बयाना राशि:** रु. 3,78,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 23.10.2024 को 14.05 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 04.11.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.11.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-358/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

निविदा संख्याः **SIG-504-MCF-RBL-FTTH-RE1** नियत तिथिः **09.11.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आईटी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लियेः- निविदा सूचना संख्या **SIG-504-MCF-RBL-FTTH-RE1,** नियत तिथिः- **09.11.2024** के माध्यम से खुली ई. निविदा आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नामः** एमसीएफ/आरबीएल आवासीय क्षेत्र के लिए गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (जीपीओएन) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** ₹2,15,86,162.00 (दो करोड़ पन्द्रह लाख छियासी हजार एक सौ बासठ रूपये मात्र), **धरोहर राशि सबसे पास 100 के गुणकः** ₹2,57,900.00 (दो लाख सत्तावन हजार नौ सौ रूपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य - NIL, कार्य समापन की अवधि - 12 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय- 09.11.2024 को 13:00 बजे,** विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/आईटी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**एडमिन यूनिट/जोन:** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक प्रचार, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एसडीएएच-पार्सल-30, **नीलामी करने वाले अधिकारी:** वरिष्ठ डीसीएम/एसडीएएच। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 12.11.2024 को 11:00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** 12.11.2024 को 14:20 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोन:** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि:** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन :** 10 बार। **निर्णय का माध्यम :** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई-**नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड -**हाँ। **विवरण:** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 से एए/17 के लिए] और पार्सल वैन में पार्सल जगह [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, लॉट की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,**13145-एसएलआर-एफ1-केओएए-आरडीपी-24-1(पार्सल-एसएलआर), 418, 12.11.2024 को 11.30 बजे, **एए/2,** 13153-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एमएलडीटी-23-1 (पार्सल-एसएलआर), 730, 12.11.2024 को 11.40 बजे, **एए/3,** 13153-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एमएलडीटी-23-1(पार्सल-एसएलआर), 730, 12.11.2024 को 11.50 बजे, **एए/4,** 13153-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एमएलडीटी-23-1(पार्सल-एसएलआर), 730, 12.11.2024 को 12.00 बजे, **एए/5;** 19607-एसएलआर-एफ1-केओएए-एमडीजेएन-23-1 (पार्सल-एसएलआर), 104, 12.11.2024 को 12.10 बजे, **एए/6,** 22197-एसएलआर-एफ1-केओएए-वीजीएलजे-23-1 (पार्सल-एसएलआर), 104, 12.11.2024 को 12.20 बजे, **एए/7,** 13173-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एसबीआरएम-24-1(पार्सल एसएलआर), 209, 12.11.2024 को 12.30 बजे, **एए/8,** 13173-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एसबीआरएम-24-1(पार्सल-एसएलआर), 417, 12.11.2024 को 12.40 बजे, **एए/9,**13173-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एसबीआरएम-24-1(पार्सल-एसएलआर), 417, 12.11.2024 को 12.50 बजे, **एए/10,**13175-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एससीएल-23-2(पार्सल-एसएलआर), 313, 12.11.2024 को 13.00 बजे, **एए/11,** 12317-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-22-2 (पार्सल-एसएलआर), 104, 12.11.2024 को 13.10 बजे, **एए/12,** 19414-एसएलआर-एफ1-केओएए-एडीआई-23-1 (पार्सल-एसएलआर), 104, 12.11.2024 को 13.20 बजे, **एए/13,** 12315-एसएलआर-एफ1-केओएए-यूडीजेड-23-1(पार्सल-एसएलआर), 104, 12.11.2024 को 13.30 बजे, **एए/14,** 12987-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एआईआई-24-2(पार्सल-एसएलआर), 730, 12.11.2024 को 13.40 बजे, **एए/15,** 12343-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एचडीबी-23-1(पार्सल-एसएलआर),730, 12.11.2024 को 13.50 बजे, **एए/16,** 13141-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एनओक्यू-23-1, (पार्सल-एसएलआर) 730, 12.11.2024 को 14.00 बजे, **एए/17,**22323-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीसीटी-23-1(पार्सल-एसएलआर), 104,12.11.2024 को 14.10 बजे, **एबी/1,** 13155-13156-वीपी-1-केओएए-एसएमआई-24-1 (पार्सल-पार्सल वैन), 208, 12.11.2024 को 14.20 बजे, **रेट यूनिट:** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 से एए/17 के लिए] और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **लॉट शुरू होने की तिथि/समय:** 12.11.2024 को 11:00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **लॉट की स्थिति :** ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-210/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# हावड़ा में चक्रवाती तूफान 'दाना' से निपटने की पूरी हुई तैयारी

❑ एनडीआरएफ की निगरानी में ग्रामीण हावड़ा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में चक्रवाती तूफान 'दाना' के प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। ग्रामीण हावड़ा के विभिन्न ब्लॉक में कुल 40 शेल्टर तैयार किए गए हैं। वहीं, जिला प्रशासन ने 58 स्कूलों को अपनी निगरानी में रखा है। इसके अलावा, उलुबेड़िया एसडीओ और उलुबेड़िया नगर पालिका में कंट्रोल रूम खोले गए हैं। एसडीओ कार्यालय के कंट्रोल रूम का नंबर 033-2661-3133 और उलुबेड़िया नगर पालिका के कंट्रोल रूम का नंबर 89103-94158 है। पीडब्ल्यूडी विभाग के 12 टीमें और सिविल डिफेंस के 10 टीमों को भी तैयार रखा गया है। वहीं, एनडीआरएफ की टीम भी अलर्ट है। रूपनारायण, दामोदर और मुंडेश्वरी नदी के किनारे रहने वाले लोगों को माइकिंग कर सर्तक करते हुए लोगों को शेल्टर में जाने की अपील की जा रही है। एनडीआरएफ की टीम मोटर चालित नाव लेकर श्यामपुर ब्लॉक-1, आमता ब्लॉक-2 , उदयनारायणपुर ब्लॉक -1, श्यामपुर ब्लॉक-2 में गश्त लगा रही है।

❑ **हावड़ा नगर निगम भी पूरी तरह से तैयार**

हावड़ा नगर निगम ने भी तूफान दाना के लिए तैयार है। निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम खोला गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 62922-32870 है। निगम के प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन डॉ सुजय चक्रवर्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभागों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है। आपदा प्रबंधन समूह तैयार है किसी भी आपात स्थिति में टीम मौके पर पहुंच जाएगी। जल-जमाव होने वाले इलाकों में स्ट्रीट लाइटों को बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा, पानी निकालने के लिए तीन बड़े पंप सहित 70 पंपों को तैयार रखा गया है। शहर के 10 स्कूलों में रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की गयी है।



# बीएसएफ ने 1.12 करोड़ के 1.4 किलोग्राम सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया

**❑ भारत– बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी को जवानों ने किया विफल**
**❑ पैर में बांध कर ला रहा था सोने की ईंट**

**कोलकाता :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत 102वीं वाहिनी के जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा के पास बुधवार को तस्करी के प्रयास को विफल कर 1.4 किलोग्राम वजन के सोने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बीएसएफ ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि बाइक सवार तस्कर एक सोने की ईंट व टुकड़े को अपने पैर में बांध कर बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने का प्रयास कर रहा था। बीएसएफ की सीमा चौकी घोजाडांगा के जवानों ने विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाही करते हुए उसे दबोचा। जब्त सोने की अनुमानित कीमत 1.12 करोड़ रुपये है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी व डीआइजी निलोत्पल कुमार पांडे ने बताया कि सटीक सूचना के आधार पर जवानों ने संदिग्ध बाइक सवार को बीएसएफ चेक पोस्ट (बीसीपी) के पास तलाशी के लिए रोका। तलाशी में आनाकानी करने पर उसे हिरासत में लेकर गहन तलाशी ली गई तो उसके दाहिने पैर पर टेप से लिपटा एक पैकेट मिला, जिसमें एक सोने की ईंट बरामद हुई। इसके अलावा उसके बटुए से एक सोने का टुकड़ा बरामद हुआ।






पूछताछ में उसने बताया कि व्यवसाय में हुए नुकसान की वजह से वह कर्ज में डूब गया था। इस कारण वह एक अज्ञात बांग्लादेशी सोने के तस्कर के संपर्क में आया, जो गांव– लक्ष्मीधारी, जिला– सतखीरा, बांग्लादेश का निवासी है। उसने उसे सोने की तस्करी का काम करने के लिए कहा और बदले में उसे ऊंची कीमत देने की पेशकश की, जिसके लिए वह तैयार हो गया। गिरफ्तार तस्कर को सोने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया है। इस सफल आपरेशन पर बीएसएफ डीआइजी ने बल के जवानों की सराहना की। उन्होंने सीमावर्ती निवासियों से सोने की तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी होने पर बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन 14419 पर या 9903472227 पर व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वालों को उचित इनाम राशि दी जाएगी और उनकी पहचान भी गोपनीय रखी जाएगी।

## उम्मीदवार नहीं आया पसंद कार्यालय में जड़ा ताला

**❑ हड़वा विधानसभा उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया काम**

**कोलकाता :** बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। सभी राजनीतिक दलों ने पहले ही अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। हड़वा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बिमल दास ने अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। सोमवार से सभी लोग प्रचार में जुट जाएंगे। वहां भाजपा दफ्तर में सामान्य तस्वीर नहीं दिखी। भाजपा कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने अपने पार्टी कार्यालयों पर ताला लगा दिया। इतना ही नहीं हड़वा, देगंगा और बारासात ब्लॉक दो में दस से ज्यादा भाजपा दफ्तरों पर ताला लगा दिया गया है और अब इसे लेकर हंगामा मचा हुआ है।

जिला भाजपा सूत्रों के मुताबिक जिले के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार पसंद नहीं आया जिससे नाराज होकर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनकी शिकायत है कि पैसे के बदले यह उम्मीदवार तय किया गया है। स्थानीय नेतृत्व से कोई बात नहीं हुई। इस घटना के लिए बशीरहाट सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष तापस घोष को जिम्मेदार ठहराया गया है। कार्यकर्ताओं की शिकायत है कि स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्याशी बिमल दास नजर नहीं आ रहे हैं। कोई कार्यक्रम नहीं देखा गया। देगंगा की महिला भाजपा नेता अंजलि मजूमदार ने कहा कि उम्मीदवार क्षेत्र की जनता के साथ खड़ा नहीं होता, पंचायत के एक भी बूथ से चुनाव नहीं लड़ सकता, उसे पार्टी विधानसभा का टिकट कैसे दे सकती है?'

हड़वा विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत है। अगर वहां किसी जाने–पहचाने चेहरे को उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो लोगों के पास वोट मांगने जाना विडंबनापूर्ण है। इस मामले पर भाजपा अध्यक्ष तापस घोष का बयान है कि भाजपा की कोर कमेटी और नेतृत्व से चर्चा के बाद नाम भेजे गए थे। प्रदेश–केंद्रीय नेतृत्व ने इस पर मुहर लगा दी है। इस तरह की टिप्पणी करना ठीक नहीं है। तृणमूल कांग्रेस मौजूदा स्थिति से खुश है क्योंकि वाममोर्चा और कांग्रेस के उम्मीदवार इतने दिग्गज नहीं हैं। वहीं भाजपा के अंदर भी घमासान मचा हुआ है। देगंगा ब्लॉक नंबर दो के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अरूप विश्वास के मुताबिक ग्रामीणों को भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ कई शिकायतें हैं। हड़वा में कोई भाजपा के लोग नहीं हैं इसलिए भाजपा कार्यालय पर ताला लगा दिया गया है।

### डाबर रियल ने 'रियल दिवाली ग्रीटिंग्स गिफ्ट पैक्स' की शानदार रेंज किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से भारत के प्रमुख ज्यूस एवं नेक्टर ब्रांड डाबर रियल ने रियल दिवाली ग्रीटिंग्स गिफ्ट पैक्स की व्यापक रेंज लॉन्च की है। रियल के ये बजट–फ्रैंडली स्पेशल गिफ्ट पैक 100 रुपये से 550 रुपये की रेंज में उपलब्ध हैं। इस दिवाली आप अपने प्रियजनों को सेहत से भरपूर उपहार दे सकें, इसके लिए डाबर रियल लेकर आया हैं रियल फ्रूट बेवरेजेज के फेस्टिवल गिफ्ट पैक्स की एक्सक्लुसिव रेंज, जिसमें विशेष रूप से डिजाइन किए गए 19 रियल ग्रीटिंग्स गिफ्ट पैक्स शामिल हैं। असली फलों के गुणों से भरपूर रियल ग्रीटिंग्स गिफ्ट पैक्स की रेंज स्वाद और पोषण दोनों के फायदे देगी। तो त्योहारों के इस सीजन हमारे विभिन्न गिफ्ट पैक्स के साथ अपने प्रियजनों को अच्छी सेहत को तोहफा दें। रियल ग्रीटिंग्स गिफ्ट पैक्स, सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के फलों के साथ स्वाद और सेहत की गारंटी देते हैं।

## निगम के उप सहायक इंजीनियर पर छेड़छाड़ का आरोप

**❑ निर्माणाधीन मकान देखने आए इंजीनियर ने दिए कुस्प्रताव**
**❑ महिला के चिल्लाने पर लोग हुए जमा, दो घंटे तक बंदी बनाकर रखा इंजीनियर को**



**कोलकाता :** आरजी कर की घटना अभी थमी ही नहीं थी कि एक और मामला सामने आ गया। कोलकाता नगर निगम के एक इंजीनियर के खिलाफ एक महिला के साथ घर जाकर छेड़छाड़ करने की शिकायत की गई। गुरुवार को यह शिकायत सामने आते ही कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 122 इलाके में हड़कंप मच गया। छेड़खानी के आरोप में स्थानीय लोगों ने नगर निगम इंजीनियर का घेराव किया। दो घंटे बाद इंजीनियर को छोड़ दिया गया। स्थिति गंभीर देख वे घटनास्थल से सीधे कार्यालय लौट आए।

गुरुवार को कोलकाता नगर निगम के उप सहायक इंजीनियर के पद पर कार्यरत शुभोजीत वार्ड नंबर 122 इलाके में निर्माणाधीन एक मकान को देखने गए और वहां एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। घर के मालिक ने शिकायत की कि घर का निर्माण देखने से पहले इंजीनियर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला की चीख सुनकर स्थानीय निवासी बाहर आ गए। और उस इंजीनियर को घेर लिया। पुलिस ने दो घंटे बाद इंजीनियर शुभोजीत को बचाया।

महिला की शिकायत के मुताबिक, इंजीनियर घर देखने से पहले उसे छू रहा था। उसने विरोध किया तो उसने सारी कहा । ऐसे समय में काम को लेकर उनका मन कुछ अलग हुआ तो इंजीनियर ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया। मामले का विरोध करने पर इंजीनियर ने सफाई दी कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया। महिला का आरोप है कि हाथ खींचने से लेकर बुरे सुझाव भी दिए गए हैं। उस समय मामले को लेकर उसने शोर मचाया तो आम लोग दौड़कर मदद को आए।

## मदारीहाट उपचुनाव: सीट बचाने की कोशिश में भाजपा, मनोज टिग्गा पर भरोसा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले की मदारीहाट विधानसभा सीट पर अगले महीने होने वाले उपचुनाव में चार तरफा मुकाबला होने वाला है। भाजपा इस सीट को बरकरार रखने के लिए अपने प्रमुख नेता और दो बार के विधायक मनोज टिग्गा की स्वच्छ छवि और लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। उन्हें मुख्य रूप से चुनाव प्रचार और जीत की कमान सौंपी गई है।

मनोज टिग्गा फिलहाल अलीपुरद्वार से भाजपा के लोकसभा सांसद हैं। मदारीहाट में उपचुनाव इसलिए हो रहा है क्योंकि टिग्गा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अलीपुरद्वार से जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने मदारीहाट से राहुल लोहार को उम्मीदवार बनाया है।



राहुल लोहार के सामने तृणमूल कांग्रेस के जय प्रकाश टोप्पो हैं, जो राजनीति में नए हैं लेकिन संगठन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। कांग्रेस और वामपंथी मोर्चा ने इस बार राज्य की छह विधानसभा सीटों पर अलग–अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इनमें मदारीहाट भी शामिल है।

वाम मोर्चा ने इस सीट से क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी (आरएसपी) के उम्मीदवार पदम ओरांव को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने बिकाश चाम्परामारी को उम्मीदवार बनाया है।

मदारीहाट छह सीटों में से एकमात्र सीट है, जहां 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने बाकी पांच सीटों पर कब्जा किया था।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिग्गा की स्वच्छ छवि और उनकी लोकप्रियता के अलावा, भाजपा के लिए एक और राहत की बात यह है कि मदारीहाट में तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक प्रभावी नहीं रहा है।

1962 से 2016 तक मदारीहाट आरएसपी का मजबूत गढ़ रहा है। इस दौरान 12 बार लगातार आरएसपी के उम्मीदवार जीतते रहे। केवल 1967 के चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार यहां से जीता था।

मदारीहाट का राजनीतिक समीकरण 2016 में पहली बार बदला, लेकिन यह बदलाव तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में नहीं था। 2016 में टिग्गा ने पहली बार भाजपा के उम्मीदवार के रूप में इस सीट से 22 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी।

2021 के विधानसभा चुनाव में टिग्गा ने अपनी जीत का अंतर बढ़ाकर 29 हजार से ज्यादा कर लिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में, अलीपुरद्वार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सात विधानसभा सीटों में से एक मदारीहाट ने टिग्गा को एक बड़ी बढ़त दिलाई। इससे उन्हें लोकसभा में जीत सुनिश्चित हुई।

मदारीहाट विधानसभा सीट, जो अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित है, के मतदाताओं की संख्या दो लाख से थोड़ी अधिक है। यहां के लोग मुख्य रूप से कृषि, चाय बागानों और पर्यटन पर निर्भर हैं।

## राज्य में हैजा रोकने के लिए किया जायेगा टीकाकरण

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हैजा पर नियंत्रण के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत टीकाकरण किया जायेगा। वैक्सीन का नाम है– यूविकोल प्लस। यह जानकारी राष्ट्रीय हैजा एवं आंत्र रोग संस्थान (एनआ–इसीइडी) के निदेशक डॉ शांता दत्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हैजा का टीका राज्य स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से लोगों को लगाया जायेगा। टीकाकरण के पहले चरण में दक्षिण 24 परगना के बिष्णुपुर ब्लॉक में लगभग 50,000 लोगों को वैक्सीन लगायी जायेगी। डॉ दत्ता ने बताया कि इस टीके में हैजा नियंत्रित करने की क्षमता औसतन 60 प्रतिशत है।

टीकाकरण के लिए दक्षिण 24 परगना के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय से संबंधित बीडीओ को एक लिखित संदेश दिया जा चुका है। एनआइसीइडी निदेशक ने कहा कि यह कोई परीक्षण नहीं है। वैक्सीन का ट्रायल हो चुका है। अब क्रियान्वयन अध्ययन में देखा जायेगा कि इंसानों में इसकी प्रभावी क्षमता कितनी है। कोरियाई दवा कंपनी का यह टीका एक निश्चित अंतराल पर दो बार लगाया जायेगा। ठीक वैसे ही जैसे पोलियो का टीका दिया जाता है। यूविकोल प्लस को पहले ही ड्रग कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया से मंजूरी मिल चुकी है।

राज्य स्वास्थ्य विभाग और एनआइसीइडी सर्वेक्षण के अनुसार, बिष्णुपुर ब्लॉक–1 के तीन गांव राज्य में हैजा प्रभावित शीर्ष क्षेत्रों में शामिल हैं। इनमें नजाहरी, खगरामुरी और बखराहाट ग्राम पंचायत शामिल हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 2030 तक राज्य से हैजा खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। टीका लगवाते समय सुई चुभने जैसा दर्द नहीं होगा। पांच वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति टीका लगवा सकता है। इसका लगभग कोई दुष्प्रभाव नहीं है।

## एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दपूरे का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोलकाता :** 27वीं आईटीटीएफ एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला युगल स्पर्धा में भारत के लिए सुतीर्था मुखर्जी ने पहला कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट छह अक्टूबर को कजाकिस्तान अस्ताना में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में अयहिका मुखर्जी उनकी युगल जोड़ीदार थीं। भारतीय रेलवे महिला टेबल टेनिस टीम ने महिला टीम चैम्पियनशिप और महिला युगल चैम्पियनशिप दोनों में कांस्य पदक जीता है। सुतीर्था मुखर्जी साउथ ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एसईआरएसए) की सदस्य हैं। इस कामयाबी पर दक्षिण पूर्व रेलवे ने सुतीर्था को धन्यवाद देते हुए सफलता की कामना की।

## यात्रियों के लिए एनजीईएफ रेक का हेरिटेज रन

### महानायक उत्तम कुमार स्टेशन से मैदान स्टेशन तक लोगों ने उठाया लुत्फ

**कोलकाता :** लगातार तीसरे दिन पुराना एनजीईएफ रेक महानायक उत्तम कुमार से मैदान स्टेशनों तक ब्लू लाइन के मेट्रो ट्रैक के साथ गुजरा। कोलकाता मेट्रो के नॉन–एसी युग के रोमांस को एक बार फिर तरोताजा कर दिया। कोलकाता मेट्रो की चालीस गौरवशाली वर्ष पूरे होने के जश्न के रूप में आम यात्रियों के लिए गुरुवार को इस विशेष हेरिटेज रन का आयोजन किया गया।




इस एनजीईएफ रेक (के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की गई और महानायक उत्तम कुमार स्टेशन के काउंटरों से विशेष टिकट बेचे गए। कुल सैंतालीस यात्रियों ने 6.1 किमी की इस दूरी पर रुपये के टिकट खरीदकर इस सवारी का आनंद लिया। हेरिटेज राइड में रेक नंबर एन–16/18 का इस्तेमाल किया गया। इस रेक को 13 मई 1995 को मेट्रो के बेड़े में शामिल किया गया था और 26 दिसम्बर 2020 को आखिरी बार वाणिज्यिक सेवा के लिए उपयोग किया गया था। यह विरासत यात्रा गुरुवार दोपहर एक बजे महानायक उत्तम कुमार स्टेशन से शुरू होकर 13.16 बजे मैदान स्टेशन पर समाप्त हुई। इसके बाद रेक नोआपाड़ा के लिए रवाना हुआ और 13.19 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्टेशनों के बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्री भी पुराने एनजीईएफ रेक को मेट्रो ट्रैक पर शान से दौड़ता देखकर रोमांचित हो गए। उन्हें रेक का इंतजार करते और तस्वीरें लेते देखा गया।

### 2025 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3 हजार डॉलर से अधिक होने की उम्मीद : बजाज फिन्सर्व एएमसी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रति व्यक्ति आय 2025 तक 3 हजार डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। जिससे खपत में वृद्धि होने के आसार हैं। 2030 तक, मध्यम वर्ग में 40% आबादी के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे विवेकाधीन व्यय काफी हद तक बढ़ने की उम्मीद है। बजाज फिन्सर्व एएमसी के एक नए अध्ययन से पता चला है कि निफ्टी इंडिया कंजम्पशन इंडेक्स ने अगस्त 2024 तक पिछले एक वर्ष में 5.3%(निरपेक्ष) अल्फा, पिछले तीन वर्षों में 2.8%(मिश्रित वार्षिक) अल्फा और पिछले दस वर्षों में 0.4% (मिश्रित वार्षिक) अल्फा का उत्पादन करते हुए कई चक्रों में व्यापक बाजार से बेहतर प्रदर्शन किया। इस सूचकांक ने अगस्त 2024 तक एक वर्ष में 45.5%, तीन वर्षों में 20.5% और दस वर्षों में 14.5% का रिटर्न दिया। इसकी तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स ने एक वर्ष, तीन वर्ष और दस वर्ष की अवधि में क्रमशः 40.2%, 17.7% और 14.1% का रिटर्न प्रदान किया।

### ग्लोबल माइनिंग समिट स्थायी खनन, महत्वपूर्ण खनिजों और नई तकनीकों पर है केंद्रित




**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल माइनिंग समिट (जीएमएस) 2024 और 17वीं अंतर्राष्ट्रीय माइनिंग मशीनरी प्रदर्शनी (आईएमएमएमई) का शुभारंभ 23 अक्टूबर को कोलकाता के साइंस सिटी प्रदर्शनी मैदान में हुआ। इस चार दिवसीय आयोजन को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया सहयोगी देश है। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर तक चलेगा। विकसित भारत: एक स्थायी खनन उद्योग की भूमिका विषय पर आधारित इस समिट में 270 से अधिक प्रदर्शक, 50 विशेषज्ञ वक्ता और 14 देशों के 400 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। प्रमुख वक्ताओं में पश्चिम बंगाल के मंत्री मोलॉय घटक ने राज्य के खनन विकास पर प्रकाश डाला, और बीईएमएल के अध्यक्ष शान्तनु रॉय ने हरित खनन तकनीकों की वकालत की। यह आयोजन स्थायी खनन, महत्वपूर्ण खनिजों और नई तकनीकों पर केंद्रित है और इसमें 55 हजार वर्ग मीटर में फैले 500 से अधिक बी2बी बैठकों के जरिए वैश्विक और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## मेट्रो में आत्महत्या रोकने के लिए लगी गार्डरेल

**❑ कालीघाट में लगाई गई, लोगों ने जताई मिश्रित प्रतिक्रिया**

**कोलकाता :** इन दिनों आत्महत्या का हाटस्पाट बना मेट्रो इसे रोकने की कोशिश में जुटा हुआ है। आत्महत्या रोकने में कालीघाट मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर गार्ड रेल लगाई गई है। पूरे प्लेटफार्म पर अप और डाउन लाइनें लगाई गई हैं। ट्रेन के प्लेटफार्म पर रुकने पर जहां मेट्रो का दरवाजा गिरता है, उस हिस्से को खाली छोड़कर गार्ड रेल लगाई गई है। यात्रियों के एक वर्ग ने इस पहल का स्वागत किया। उनके अनुसार, हाल ही में मेट्रो लाइनों पर कूदकर आत्महत्या के प्रयासों में वृद्धि को रोकने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। हालांकि, दूसरे सेक्शन के यात्रियों की शिकायत है कि गार्ड रेल लगाने के बाद अगर मेट्रो का रेक थोड़ा आगे या पीछे खड़ा हो जाता है, तो आवाजाही में काफी दिक्कत होती है।




हालांकि, मेट्रो रेल अधिकारी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते थे, पिछले कुछ महीनों में मेट्रो में आत्महत्याओं की एक श्रृंखला हुई है। बुधवार को चांदनी चौक पर एक बच्चे की मां मेट्रो के आगे कूद गई। ट्रेन को तुरंत रोका गया तो भी ट्रेन नहीं बची। शव बरामद होने तक ट्रेन सुरंग में फंसी हुई थी। यात्रियों को उसी हालत में उतार दिया गया। इसके चलते काफी देर तक सेवा बंद रही। पिछले सप्ताह कालीघाट में एक और यात्री ने आत्महत्या कर ली। ऐसे में कालीघाट मेट्रो प्लेटफॉर्म पर गार्ड रेल की कतारें लगाई गई हैं।

मेट्रो में उठने में आ रही दिक्कत

यात्रियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही प्लेटफार्म के किनारे रेलिंग लगाई गई है। प्रत्येक गार्ड रेल के बीच कुछ जगह छोड़ी जाती है। जब ट्रेन रुकती है तो यात्रियों को मेट्रो में चढ़ने के लिए गार्ड रेल के खाली हिस्से को पार करना पड़ता है। लेकिन एक नया ख़तरा है। कुछ यात्रियों की शिकायत है कि जब मेट्रो थोड़ा आगे रुकती है तो उसका दरव–ाजा गार्ड रेल से छिप जाता है। इससे यात्रियों को मेट्रो में सफर करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### मेट्रो– कैश एंड कैरी 'मेट्रो– फेस्टिव गिफ्टिंग' के साथ मना रहा है दो दशकों का भव्य उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो कैश एंड कैरी, भारत में 21 साल पूरे होने के अवसर पर छोटे और रिटेल व्यवसायों के लिए 'मेट्रो – फेस्टिव गिफ्टिंग' ऑफर लेकर आया है। यह ऑफर देशभर के सभी मेट्रो होलसेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। मेट्रो इंडिया के 30 लाख से ज्यादा ग्राहक 1 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले इस 35–दिनों के फेस्टिव गिफ्टिंग ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। ये खास गिफ्टिंग ऑफर्स मेट्रो के होलसेल स्टोर्स के साथ–साथ उनकी वेबसाइट और एंड्रॉइड यूजर्स के लिए मेट्रो होलसेल ऐप पर भी उपलब्ध हैं। इस फेस्टिव सीजन में कस्टमर्स को बेहतरीन ऑफर देने के लिए मेट्रो ने ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां, चॉकलेट्स, जूस, स्नैक्स, होम डेकोर, टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग, हाउसहोल्ड आइटम्स, किचनवेयर, एप्लायंसेज, और लगेज जैसी प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज पेश की है। मेट्रो के अपने ब्रांड, फाइन लाइफ और टैरिंगटन हाउस पर भी खास छूट मिल रही है। पूरे फेस्टिव सीजन में ग्राहक इन प्रोडक्ट्स पर विशेष छूट और ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

### आईटीसी मंगलदीप ने फ्यूजन अगरबत्ती की नई रेंज का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रमुख अगरबत्ती ब्रांडों में से एक 'आईटीसी मंगलदीप' ने अपनी अनोखी अगरबत्ती रेंज 'मंगलदीप फ्यूजन' को लॉन्च किया है। आईटीसी मंगलदीप की यह नई पेशकश पारंपरिक और आधुनिक खुशबुओं का अनोखा मिश्रण है। फ्यूजन के हर पैक में तीन प्रकार की अगरबत्तियां होती हैं। इनमें से प्रत्येक पैक में एक पारंपरिक और एक आधुनिक खुशबू का अद्वितीय संयोजन होता है। हर चारकोल फ्री पैक चंदन की शांति भरी महक को खस की मिट्टी जैसी सुगंध के साथ या लैवेंडर की सुकून देने वाली खुशबू को सेज की गहरी सुगंध के साथ जोड़कर, रोज की प्रार्थनाओं में ताजगी और नयापन लाता है। लॉन्च के अवसर पर आईटीसी लिमिटेड के प्रमुख कार्यकारी, माचिस एवं अगरबत्ती बिजनेस डिवीजन गौरव टायल ने कहा कि हम मंगलदीप फ्यूजन को लॉन्च करके बेहद प्रसन्न हैं। यह नई सोच में हमारी शक्ति का प्रतीक है और साथ ही हमारी परंपरा को भी मजबूती देता है।

### दिवाली और छठ के दौरान चलेंगी 06 जोड़ी और स्पेशल ट्रेनें, 8,700 बर्थ हुई उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे दिवाली और छठ महोत्सव के दौरान देश भर में विभिन्न दिशाओं में 06 जोड़ी और स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों के चलने से 8,700 बर्थों का सृजन किया जाएगा। ये विशेष ट्रेनें उन यात्रियों को काफी मदद करेंगी जो इस त्यौहारी सीजन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने कार्यस्थलों से घर लौटना चाहते हैं। गौरतलब है कि इन 06 जोड़ी विशेष ट्रेनों में से 03 जोड़ी आसनसोल–पटना–आसनसोल स्पेशल ट्रेनें (03503/03504, 03511/30512 और 03505/03506) सभी अनारक्षित सामान्य द्वितीय श्रेणी आवास के साथ चलाई जाएंगी, ताकि त्योहारी सीजन के दौरान आम लोगों के परिवार के सदस्यों का एकत्रित होना आसान हो सके। इन ट्रेनों में 03507 आसनसोल–नौतनवां स्पेशल, 03508 नौतनवां–आसनसोल स्पेशल, 03501 आसनस–ोल–कटिहार स्पेशल, 03502 कटिहार–आसनसोल स्पेशल, 04608 जम्मू तवी–हावड़ा स्पेशल, 04607 हावड़ा–जम्मू तवी स्पेशल, 03503 आसनसोल–पटना स्पेशल, 03504 पटना–आसनसोल स्पेशल, 03511 आसनसोल–पटना स्पेशल, 03512 पटना–आसनसोल स्पेशल, 03505 आसनसोल–पटना स्पेशल और 03506 पटना–आसनसोल स्पेशल शामिल है।

### कोलकाता–बिलासपुर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी : एयरपोर्ट पर मची अफरातफरी

**कोलकाता :** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कोलकाता जाने वाली एक फ्लाइट में बम होने की अफवाह ने यात्रियों को दहशत में डाल दिया। जानकारी मिलते ही यात्रियों को तुरंत विमान से उतार दिया गया, जिसके बाद फ्लाइट की जांच की गई। इस दौरान एयरपोर्ट पर अफरातफरी का माहौल बन गया। यह फ्लाइट कोलकाता से होते हुए दिल्ली जा रही थी। देशभर में उड़ानों को लगातार धमकियों की सूचना मिल रही है। बिलासपुर में भी एलायंस एयर की एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। बम स्क्वायड, कलेक्टर और एसपी समेत सुरक्षा बल एयरपोर्ट पर पहुंचे और फ्लाइट की जांच शुरू की। गुरुवार को पूरे देश में 85 फ्लाइट्स को धमकी मिली, जिसमें एयर इंडिया की 20, इंडिगो की 20, विस्तारा की 20 और अकासा की 25 फ्लाइट्स शामिल थीं। बिलासा देवी केवटीन एयरपोर्ट के एक्स आईडी पर भी धमकी मिली थी, जिसके बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने कोलकाता की फ्लाइट को रोका। जब सुरक्षा टीम ने यात्रियों को उतारने के लिए कहा, तो यात्रियों के बीच दहशत फैल गई और एयरपोर्ट पर अफरातफरी का माहौल बन गया। जांच के बाद जब फ्लाइट को ओके रिपोर्ट मिली, तब उसे रवाना किया गया।

## मंत्री अरूप रॉय ने चक्रवात 'दाना' को लेकर किया घाट इलाकों का दौरा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में जगह–जगह चक्रवात दाना को लेकर सर्तकता जारी कर दी गई है। मंत्री अरूप रॉय ने हावड़ा के सभी घाट इलाकों को दौरा किया। उन्होंने इलाके के लोगों से बातचीत भी की और। इस दौरान वॉर्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय सहित प्रशासन भी मौजूद रही। मंत्री अरूप रॉय के नेतृत्व में लोगों को तिरपाल भी दिया गया। इसके साथ ही झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को तूफान के दौरान विद्यालयों में रहने की सलाह दी गई। तूफान के दौरान प्रभावित लोगों के रहने और खाने की व्यवस्था करीबन 7–8 स्कूलों में की गई है। इन स्कूलों में वॉर्ड 29 का विक्रम विद्यालय ब्रांच, हावड़ा शिक्षा सदन, राष्ट्रीय विद्यालय, हावड़ा शिक्षा निकेटन समेत अन्य स्कूल शामिल है। इसके अलावा गंगा घाट इलाके के 2–3 गोडाउन में भी व्यवस्था की गई है।

## रेलवे सुरक्षा बल ने 'शहीद सप्ताह' स्मरणोत्सव के दौरान 14 शहीदों के गांवों का दौरा किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा बल ने चल रहे 'शहीद सप्ताह' के स्मरणोत्सव पर पिछले वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले अपने 14 कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। आरपीएफ अधिकारी नौ राज्यों में इन बहादुर व्यक्तियों के सम्मान में उनके विद्यालय और पैतृक गांवों का दौरा कर रहे हैं। सम्मानित होने वाले शहीदों में ईस्ट कोस्ट रेलवे के आरपीएफ हेड कांस्टेबल निराकर बेहरा भी शामिल हैं। जिन्होंने फरवरी 2024 में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। 21 अक्टूबर को खुर्दा रोड डिवीजन के आरपीएफ कर्मियों द्वारा उनके अल्मा मेटर, एमई स्कूल, नेट्टंगा, ओडिशा के गंजम जिले में एक स्मारक सेवा आयोजित की गई थी। जिसमें उनकी पत्नी गीतांजलि बेहरा ने अपने पति के बलिदान को मान्यता देने के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।




रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा, इनमें से प्रत्येक बहादुर आत्मा ने सेवा और बलिदान के उच्चतम आदर्शों का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी विरासत हमें हमेशा हमारे रेलवे और यात्रियों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी। आरपीएफ पूरे देश के विभिन्न हिस्सों में शहीदों के सम्मान में उनके पैतृक गांवों और स्कूलों में इसी तरह के स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# नार्को टेस्ट मामले में संदीप घोष की असहमति को हथियार बना सकती है सीबीआई

❑ **जांच में असहयोग के मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट में करेगी जिक्र**




**कोलकाता :** सीबीआइ का कहना है कि महिला चिकित्सक के साथ दरिंदगी के मामले में नार्को व पालीग्राफ टेस्ट को लेकर आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल की असहमति को वह हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकती है। सीबीआइ ने यह भी कहा कि वह जांच में असहयोग के मुद्दे का जिक्रसुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट में करेगी।

वकीलों के एक वर्ग का भी मानना है कि घोष और मंडल को नार्को और पालीग्राफ टेस्ट के लिए सहमति नहीं देने पर भविष्य में कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है। उनकी जमानत का विरोध करने और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए असहयोग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए सीबीआइ सक्रिय होगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील विकासरंजन भट्टाचार्य ने कहा कि न केवल जमानत के विरोध में, बल्कि गैर-अनुपालन के मुद्दे को मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान दो व्यक्तियों को दोषी ठहराने के लिए सीबीआइ द्वारा एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। अलीपुर सिविल कोर्ट के पूर्व मुख्य सरकारी वकील राधाकांत मुखोपाध्याय ने कहा कि ऐसी स्थिति में उन दो लोगों को जमानत नहीं दी जा सकती है। सीबीआइ उन दोनों लोगों को हिरासत में रखकर ट्रायल प्रक्रिया के लिए भी आवेदन कर सकती है, ताकि कोर्ट मान्यता दे सके। दोनों महिला डाक्टर से दरिंदगी के मामले में जेल की हिरासत में हैं।

बता दें कि इस मामले में संदीप और अभिजीत के नार्को और पालीग्राफ टेस्ट के लिए कोर्ट में अर्जी दी गई थी, लेकिन उन्होंने असहमति जाहिर की। हालांकि संदीप का पहले पालीग्राफ टेस्ट किया गया था। दरअसल इस मामले में केंद्रीय एजेंसी को नए सुबूत मिलने के बाद दोनों के नार्को और पालीग्राफ परीक्षण के लिए अर्जी दी गई थी। सीबीआइ अधिकारियों का यह भी दावा है कि संदीप और अभिजीत इस मामले में सुबूत मिटाने और उससे छेड़छाड़ करने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। इसके अलावा दोनों हिरासत में रहते हुए सच्चाई छिपाकर जांच को गुमराह कर रहे हैं।

## आरजी कर केसः तृणमूल युवा नेता के फोन से डेटा पुनः प्राप्त करेगी सीबीआई

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक महिला जूनियर डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता आशीष पांडे के फोन से हटाए गए कॉल और संदेशों का डेटा पुनः प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। यह डेटा नौ अगस्त को उस सुबह से जुड़ा है जब अस्पताल परिसर में स्थित सेमिनार हॉल में दुष्कर्म पीड़िता का शव पाया गया था।

आशीष पांडे आरजी कर के पूर्व और विवादास्पद प्राचार्य संदीप घोष के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। जांचकर्ताओं ने कुछ परिस्थितिजन्य साक्ष्य प्राप्त किए हैं, जो संकेत देते हैं कि पांडे के फोन से की गई कॉल और संदेशों का इतिहास जानबूझकर हटा दिया गया था।

जांचकर्ताओं का मानना है कि यदि ये डेटा पुनः प्राप्त किया जाता है, तो इससे बलात्कार और हत्या के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ के अलावा आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित साजिश के नए पहलू सामने आ सकते हैं।

सीबीआई के एक अधिकारी के अनुसार, जांच अधिकारियों को संदेह है कि हटाए गए ये कॉल और संदेश मुख्य रूप से पांडे और उनके संरक्षक संदीप घोष के बीच हुई बातचीत से जुड़े हो सकते हैं। घोष के खिलाफ सीबीआई बलात्कार और हत्या के मामले के साथ-साथ वित्तीय अनियमितताओं की समानांतर जांच भी कर रही है।

बलात्कार और हत्या के मामले में घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ अभिजीत मंडल के खिलाफ मुख्य आरोप हैं कि उन्होंने प्रारंभिक जांच के दौरान कोलकाता पुलिस की जांच को भटकाने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया था।

आशीष पांडे का नाम पहली बार सितंबर के दूसरे सप्ताह में सामने आया, जब सीबीआई अधिकारियों ने पता लगाया कि वह नौ अगस्त की रात सॉल्ट लेक के एक होटल में रुके थे।

तीन अक्टूबर को सीबीआई ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पांडे को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## आरजी कर घोटालाः संदीप घोष के करीबी डॉक्टरों की शैक्षणिक योग्यता सीबीआई के जांच घेरे में



**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के कुछ जूनियर डॉक्टरों की शैक्षणिक योग्यता केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दायरे में है। इन डॉक्टरों पर अस्पताल में धमकी संस्कृति फैलाने का आरोप है। ये डॉक्टर पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी माने जाते हैं, जो खुद विवादों में घिरे रहे हैं।

इनमें से एक अशिष पांडेय हैं, जो आरजी कर के हाउस स्टाफ में शामिल थे। उन्हें पहले से ही वित्तीय अनियमितताओं के मामले में न्यायिक हिरासत में रखा गया है।

पांडेय के अलावा, दो अन्य डॉक्टरों की भी शैक्षणिक योग्यता जांच के घेरे में है। सीबीआई यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कैसे इन दोनों को बिना सामान्य प्रक्रिया के रेजिडेंट डॉक्टर बनने का मौका मिला।

हालांकि, सीबीआई ने इन दो जूनियर डॉक्टरों की पहचान उजागर नहीं की है। एक अधिकारी के मुताबिक, सीबीआई ने अन्य जूनियर डॉक्टरों और आरजी कर के फैकल्टी सदस्यों से पूछताछ की है। जांच में पता चला कि इन तीन डॉक्टरों को संदीप घोष के संरक्षण के कारण अनुचित लाभ मिला।

आरजी कर के कई कर्मचारियों ने जांचकर्ताओं के सामने गवाही दी कि ये तीनों डॉक्टर बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाने या मरीजों को देखने जैसी जरूरी प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते थे।

पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित जांच समिति ने दो डॉक्टरों, बिरुपाक्ष बिस्वास और अविक डे, पर आरोपित रिपोर्ट सौंपी। इन डॉक्टरों पर राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में धमकी संस्कृति फैलाने का आरोप था।

सूत्रों ने बताया कि समिति ने बिस्वास और डे के खिलाफ कई आरोपों की पुष्टि की है, खासकर बिस्वास के मामले में। रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार अब दोनों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी।

## आरजीकर पीड़िता के माता पिता से मिल सकते है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

❑ **रविवार को शाह बंगाल दौरे पर**




**कोलकाता :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रविवार को आरजी टैक्स पीड़ित डॉक्टर के माता-पिता से मिलने की संभावना है। अपनी बिटिया की जान गंवाने वाले माता-पिता पहले ही शाह को पत्र लिखकर उनसे मिलने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद भाजपा नेतृत्व इस बैठक के आयोजन में जुट गया। अमित शाह ने भी उनसे मिलने की इच्छा जताई है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, शाह ने कुछ दिन पहले राज्य नेतृत्व को संदेश भेजकर अपने कोलकाता दौरे के दौरान आरजी कर पीड़ितों के माता-पिता से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद भाजपा नेताओं ने तुरंत बैठक का आयोजन किया। शुरुआत में योजना शाह को सोदपुर में पीड़िता के घर ले जाने की थी लेकिन व्यस्त कार्यक्रम में शाह के पास वहां जाने का समय नहीं है तो वे कोलकाता में कहीं मिलने की योजना बना रहे हैं।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, शाह रविवार के पार्टी के भर्ती अभियान की शुरुआत करने कोलकाता आ रहे हैं। ईजेडसीसी में पार्टी समारोह के बाद, उनका कल्याणी और पेट्रापोल में दो गृह मंत्रालय के कार्यक्रमों में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। व्यस्त कार्यक्रम के बीच शाह कोलकाता में कहीं पीड़िता के माता-पिता से मिलने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, भाजपा नेताओं ने बैठक के सटीक स्थान पर कोई टिप्पणी नहीं की।

कुछ दिन पहले पीड़िता के माता-पिता ने शाह को पत्र लिखकर उनसे मिलने के लिए कहा था। वहां उन्होंने दबाव में होने की बात कहते हुए अपनी मजबूरी का जिक्र किया। ऐसे में कई लोगों का मानना है कि केंद्रीय गृह मंत्री की उनसे मुलाकात के राजनीतिक मायने हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों के एक वर्ग के अनुसार, आरजी कर घटना के बाद जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन में भाजपा नेता पैठ नहीं बना सके। उधर, लॉकेट चटर्जी को स्वास्थ्य भवन के सामने जूनियर डॉक्टरों वापस जाओ का नारा सुनना पड़ा। लेकिन जनता के समर्थन के बारे में सोचने के बाद भी भाजपा को बाहर से आंदोलन का समर्थन करना पड़ रहा है। वहीं, पीड़िता के माता-पिता की याचिका के बाद कोर्ट के आदेश पर आरजीकर मामले की जांच सीबीआई कर रही है जो प्रधानमंत्री कार्यालय के नियंत्रण में है। नतीजतन, इकलौती बेटी की मौत के मामले में त्वरित न्याय पाने के लिए पीड़िता के माता-पिता के लिए जूनियर डॉक्टरों की तरह भाजपा से दूरी बनाए रखना संभव नहीं है। भाजपा को इस आंदोलन से वोटिंग मशीन भरने के लिए पीड़िता के माता-पिता की भी जरूरत है।

## राज्य के नगर निकायों में सब असिस्टेंट इंजीनियर की भर्ती पर सीबीआई का नोटिस




**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नगर निकायों में सब असिस्टेंट इंजीनियर के स्थायी पदों पर की गई भर्ती प्रक्रिया की जानकारी के लिए सीबीआई ने राज्य सरकार से सूचना मांगी है। सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के उप पुलिस अधीक्षक मलय दास ने इस मामले की जांच करते हुए राज्य के 'म्युनिसिपल इंजीनियरिंग डायरेक्टरेट' (एमईडी) को ईमेल और स्पीड पोस्ट के माध्यम से नोटिस भेजा है। यह नोटिस आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 91 के तहत भेजा गया है, जिससे एमईडी को इन नियुक्तियों के बारे में पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस नोटिस के बाद एमईडी के सुपरिन्टेंडिंग इंजीनियर (मुख्यालय) ने राज्य के लगभग सभी नगर निकायों के कार्यकारी इंजीनियरों को पत्र भेजकर 25 अक्टूबर तक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

सीबीआई ने सबसे पहले यह जानकारी मांगी है कि 2015 से अब तक नगर निकायों में सब असिस्टेंट इंजीनियर के स्थायी पदों पर किस प्रक्रिया के तहत भर्ती की गई है और एमईडी की इसमें क्या भूमिका रही है। इसके अलावा सीबीआई ने जानना चाहा है कि क्या किसी समय तकनीकी सहायक पद पर भी भर्ती की गई थी।

सीबीआई ने यह भी पूछा है कि क्या नगर निकायों से एमईडी को कोई 'प्रस्ताव पत्र' भेजा गया था। यदि ऐसा कोई पत्र भेजा गया है, तो उसकी मूल प्रति भी सीबीआई को दिखाने को कहा गया है। साथ ही, एमईडी ने जो पत्र या ईमेल के माध्यम से नगर निकायों को भर्ती से संबंधित जानकारी दी थी, उसकी 'कार्यालय प्रति' भी मांगी गई है।

सीबीआई ने एक और महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि क्या 'एबीएस इंफोज़ोन प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी ने सब असिस्टेंट इंजीनियर के स्थायी पदों पर भर्ती के लिए एमईडी से कोई आवेदन किया था। यदि ऐसा है, तो उसकी पूरी जानकारी भी सीबीआई को उपलब्ध करानी होगी।

एमईडी को यह भी स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि क्या अन्य किसी 'तकनीकी सहायक' पद के लिए एमईडी भर्ती प्रक्रिया में शामिल था। पहले इस जानकारी को 22 अक्टूबर तक निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब इसकी समय सीमा बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी गई है।

## तृणमूल नेता पर लगा दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**हुगली :** हुगली जिले में दुष्कर्म के गंभीर आरोप का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोप तृणमूल के पूर्व जयहिंद वाहिनी के अध्यक्ष सुभाष रॉय के खिलाफ लगा है। चुंचुड़ा महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है। आरोप है कि कुछ साल पहले भी एक महिला ने सुभाष के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार को एक 24 वर्षीय विवाहित महिला ने चुंचुड़ा महिला पुलिस स्टेशन में सुभाष के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने आरोप लगाया कि 26 सितंबर को सुभाष उसे चंदननगर नगर निगम में नौकरी दिलाने के बहाने बाइक पर बैठाकर एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया कि सुभाष ने उसे डराया धमकाया कहा कि किसी को कुछ भी बताया तो उसके 2 वर्षीय बेटे की हत्या कर देगा। महिला ने दावा किया कि उसका पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। उसने 8 अक्टूबर को वापस लौटने पर पति को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के सदस्यों से बातचीत में कुछ समय गुजर गया। आखिरकार महिला ने कानून का दरवाजा खटखटाया।

हालांकि, आरोपी सुभाष ने बलात्कार के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि एक समय महिला अपने परिवार के साथ उनके घर में किराये पर रहती थी। महिला का एक साल का किराया बाकी है। उस पैसे के लिए दबाव बनाने पर महिला ने उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### भारतीय परिवारों के लिए उज्जवल दिवालीः शॉप्सी ने अपनी बिग दिवाली सेल का अनावरण किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट, अपने ग्राहकों को एक बार फिर अपनी बिग दिवाली सेल से खुश कर रहा है, जो 29 अक्टूबर तक जारी रहेगी। यह आगामी त्यौहारी सेल, ग्रैंड शॉप्सी मेला, द बिग बिलियन डेज़ सेल और चल रहे दिवाली स्वागत सेल की सफलता के बाद, सावधानीपूर्वक तैयार किए गए डील्स की एक अद्भुत श्रृंखला पेश करने का वादा करती है। त्योहारी सीजन की शुरुआत के बाद से प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों की संख्या में 81% की वृद्धि, लेनदेन में 2.8 गुना की वृद्धि और 2800+ छोटे शहरों से मजबूत भागीदारी देखी गई है। यह बिक्री कई भारतीयों की अनूठी त्योहारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादों का एक विस्तृत पोर्टफोलियो पेश करती है। शॉप्सी की बिजनेस हेड प्रथ्यूषा अग्रवाल कहती हैं, राखी से लेकर दिवाली तक भारत का समृद्ध त्यौहारी कैलेंडर खरीदारी के रुझान को आकार देने में अहम भूमिका निभाता है।

### टेक, ऑटोमोबाइल्स, गोल्ड और अन्य त्योहारी वस्तुओं के साथ लाइव हुआ अमेजन का धनतेरस स्टोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार धनतेरस पर, अमेजन उन ग्राहकों के लिए वन-स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन लेकर आया है, जो नए टेक गैजेट्स, ऑटोमोबाइल्स, गोल्ड और त्योहार के लिए जरूरी उत्पादों पर सर्वश्रेष्ठ डील्स चाहते हैं। 100 प्रतिशत पिन कोड्स पर डिलीवरी के साथ, यह स्टोर अद्वितीय चयन और सुविधा के माध्यम से खरीदारी के अनुभव को और बेहतर बनाता है। सैमसंग गैलेक्सी द्वारा समर्थित और विडा द्वारा सह-समर्थित अमेजन पर धनतेरस स्टोर, नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, एथनिक कपड़े, होम एप्लाएंसेस, शुभ सजावट, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और गोल्ड सहित तमाम उत्पादों का एक व्यापक संग्रह पेश करता है। ग्राहक एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, तनिष्क, टाइटन, बीबा, हॉकिंस, जीवा, ओला और विडा सहित अन्य शीर्ष ब्रांड्स की ओर से एक्सक्लूसिव डील्स का फायदा उठा सकते हैं, और त्योहारों से जुड़ी अपनी सभी जरूरतों को एक ही स्थान पर पूरा कर सकते हैं।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 42% बढ़कर 571 करोड़ रुपये हुआ

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 2024 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 42% की वृद्धि के साथ 571 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की, जबकि कुल आय 55% बढ़कर 4,549 करोड़ रुपये हो गई, जो चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 42% की मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 402 करोड़ रुपये की तुलना में 571 करोड़ रुपये थी।यह नवीनतम आंकड़ा जून 2024 तिमाही में दर्ज 503 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ से 13.5% की वृद्धि को भी दर्शाता है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में लगातार मुद्रास्फीति, आम चुनाव, विभिन्न राज्य चुनावों और अगस्त में असामान्य मौसम पैटर्न के कारण व्यावसायिक गति में कुछ रुकावट देखी गई।

## मेट्रो रेलवे ने सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन

❑ **40 वर्षों की सेवा पर आयोजित कार्यक्रम**




**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे 18 से 24 अक्टूबर तक राष्ट्र के लिए 40 वर्षों की शानदार सेवा का जश्न मना रहा है।

गुरुवार शाम इन समारोहों के भाग के रूप में डॉ. बी सी रॉय ऑडिटोरियम सियालदह में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मेट्रो रेलवे के इस जश्न को यादगार बनाने के लिए इन चार दशकों में, मेट्रो कोलकाता की उपनगरीय परिवहन प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गई है। उत्तर-दक्षिण (ब्लू लाइन) मेट्रो मार्ग पर केवल 3.4 किमी के मेट्रो ट्रैक की मामूली शुरुआत के साथ, मेट्रो वर्तमान में 'अमर मेट्रो' बनाने के लिए कोलकाता, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना को जोड़ती है। हावड़ा, हुगली, मेदिनीपुर, बर्दवान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नादिया के निवासी नियमित रूप से हावड़ा, सियालदह, दम दम और कवि सुभाष स्टेशनों से मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। यहां तक कि दूसरे राज्यों के यात्री भी हावड़ा और सियालदह से सेवाएं ले रहे हैं।परिणामस्वरूप, मेट्रो अब प्रति दिन लगभग 7 लाख यात्रियों को ले जाती है।

इस मौक़े पर कोलकाता और उपनगरीय क्षेत्रों में मेट्रो के प्रमुख परिवहन साधन बनने की यात्रा पर दर्शकों को एक विशेष वीडियो भी दिखाया गया। कार्यक्रम में मेट्रो के महाप्रबंधक पी उदय कुमार, दक्षिण पूर्व रेलवे, महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, पूर्व रेलवे महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, पश्चिम बंगाल सर्कल के पोस्टल मास्टर जनरल, प्रमुख नीरज कुमार व मेट्रो रेलवे महिला कल्याण संगठन के अध्यक्ष, पी श्रीलता सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## कृष्णानगर कांड : केरोसिन ले लिया है, युवक के दोस्त को फोन पर बोली थी छात्रा!

**कोलकाता :** कृष्णानगर में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जांच कर रही पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। इस बात के संकेत मिले हैं कि छात्रा, अपने प्रेमी से संपर्क न कर पाने के बाद, खुद ही केरोसिन लेकर उसके पास गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक छात्रा ने घटना वाले दिन अपने प्रेमी से संपर्क न हो पाने पर उसके करीबी दोस्त को दोपहर 12 बजे से रात 11 बजे के बीच 21 बार फोन किया। जांचकर्ताओं का कहना है कि दोनों के बीच हुई बातचीत से यह जानकारी सामने आई है कि छात्रा अपने प्रेमी का पता पूछ रही थी और यह भी जानने की कोशिश कर रही थी कि वह फोन क्यों नहीं उठा रहा है। छात्रा ने बार-बार उसके दोस्त से अनुरोध किया कि वह युवक को फोन उठाने के लिए कहे।

पुलिस के अधिकारी के मुताबिक, युवक का इस छात्रा से प्रेम संबंध बनने से पहले दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर की एक अन्य युवती के साथ संबंध था। उस समय युवक ने उस युवती को सिन्दूर भी लगाया था। हालांकि, करीब एक साल पहले उनका रिश्ता टूट गया था। उसके बाद सोशल मीडिया के जरिए युवक की मुलाकात इस छात्रा से हुई। कुछ महीने पहले जब युवक बेंगलुरु में होटल में काम करने गया, तो यह छात्रा भी उसके पास रहने चली गई थी। सूत्रों के अनुसार, छात्रा ने युवक का नंबर 'हसबैंड' के नाम से सेव किया हुआ था और फेसबुक पर उनके शादी की बात भी बताई थी। हालांकि, एक महीने बाद परिवार के दबाव के चलते उसे वापस लौटना पड़ा। इसके बाद युवक का फिर से सोनारपुर की युवती से संपर्क बन गया। साथ ही, युवक किसी अन्य महिला मित्र के साथ भी नजदीकियां बढ़ा रहा था। 15 अक्टूबर को जब छात्रा बार-बार उसे फोन कर रही थी, उस वक्त युवक दूसरी महिला मित्र के साथ राणाघाट में घूम रहा था। जांचकर्ताओं का मानना है कि यह बात समझने के बाद ही छात्रा ने युवक के दोस्त को फोन कर आत्महत्या की धमकी दी थी।

छात्रा की बात सुनने के बाद युवक के दोस्त ने उसे फोन कर इस बात की जानकारी दी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि छात्रा के द्वारा केरोसिन लाने की बात सुनने के बावजूद युवक ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके अलावा, जांच में यह भी सामने आया है कि शाम चार बजे के आसपास युवक के दोस्त ने सोनारपुर की युवती को भी इस घटना की जानकारी दी थी। रात 10 बजे के कुछ पहले युवक अपने दोस्त के साथ कृष्णानगर गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान में बातचीत के लिए निकला था। जांचकर्ताओं के अनुसार रात 10:12 बजे इस दोस्त के फोन से छात्र और युवक के बीच बातचीत हुई थी। युवक ने उसे बताया कि वह इस रिश्ते को खत्म करना चाहता है। यह सुनकर छात्रा ने रोते हुए आत्महत्या की धमकी दी। दावा है कि इसके बाद ही उसने अलग जाकर केरोसिन डालकर आग लगाई और खुदकुशी कर ली थी।

## चक्रवाती तूफान दाना को निपटने के लिए तैयार हुगली जिला प्रशासन

### जगह-जगह खुले कंट्रोल रूम, जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर




**हुगली :** हुगली जिले में तूफान दाना की गंभीरता को देखते हुए नदी के तटवर्तीय इलाके में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। प्रशासन की तरफ से अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रशासन चक्रवाती तूफान दाना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आपात विभागों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। जगह-जगह माइकिंग के जरिये प्रचार अभियान है लोगों को नदी के तट पर नहीं जाने का निर्देश दिया जा रहा है। जिला प्रशासन के तरफ से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जगह-जगह कंट्रोल रूम बनाया गया है। बिजली विभाग, एनडीआरएफ, दमकल विभाग और मेडिकल विभाग को अलर्ट रहने व आपात सेवाएं जारी रखने का निर्देश दिया गया है। कंट्रोल रूम से तूफान की हरेक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सभी फेरी सेवाओं को स्थगित करने का भी निर्देश दिया गया है। तूफान के वक्त घर से बहार नहीं निकलने की सलाह दी गई है। यातायात सेवाएं बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। श्रीरामपुर एसडीओ कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। हुगली कलेक्टर मुक्ता आर्या ने बताया कि अब तक 18 हजार परिवार को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया है। 121 राहत व बचाव शिविर की अस्थाई व्यवस्था की गई है। आपात विभागों को अलर्ट रहने की निर्देशिका जारी की गई है। जिले में जगह-जगह क्विक रिस्पांस टीम को तैनात किया गया है। सभी आपात परिस्थितियों में अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। एनडीआरएफ सिविल डिफेन्स टीम, पेड़ कटाने वाली थीम को भी अलर्ट जारी किया गया है। शाम 5 बजे से सभी फेरी सेवाएं बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 7003190507, 03326812652 जारी किया गया है। 4 उप विभाग में 18 कंट्रोल रूम खोला गया है। रिसड़ा नगरपालिका के तरफ से सभी आपात व्यवस्था की गई है। पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने बताया कि तूफान से पहले सभी आपात तैयारियां पूरी कर ली गई है। पालिका में भी एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। लोगों को सुरक्षित सचेत रहने का निर्देश दिया गया है। पालिका कर्मचारी पुलिस आपात विभाग लोगों की सुरक्षा में तत्पर रहेंगे। तूफान का सामना करने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। तूफान के समय भीषण बारिश और हवाओं की रफ्तार 120 से 130 किमी प्रति घंटे होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## गोली लगने से घायल तृणमूल समर्थक की हुई मौत, एक गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर थानांतर्गत जीटी रोड पर गोली लगने से घायल हुए तृणमूल समर्थक की मौत हो चुकी है। मृतक का नाम अब्दुल कादिर उर्फ प्रेम (32) है। इस घटना में पुलिस ने चांद नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बाकी हमलावरों की तलाश में जुटी है। बता दें कि, बुधवार रात को अब्दुल जीटी रोड स्थित तृणमूल कार्यालय के सामने बैठा था। वह फोन पर बात कर रहा था कि इसी समय तीन बाइक से पांच से छह हमलावर उसके करीब पहुंचे और गोली चला दी। बदमाश तुरंत भाग निकले। वहीं, खबर मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंची। अब्दुल कादिर को गंभीर अवस्था में पहले शिवपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे एसएसकेएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में पुलिस हत्या का कारण आपसी रंजिश बता रही है। बताया जा रहा कि अब्दुल पर हत्या समते कई आपराधिक मामले दर्ज थे। जिसके लिए उसे गिरफ्तार भी किया गया था। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उसने प्रमोटर का काम शुरू कर दिया था। वह सक्रिय तृणमूल कार्यकर्ता भी था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश के बलिया में स्कूटी नहर में गिरी, मां-बेटे की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में मालीपुर-छितौना नहर में स्कूटी गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सफरीन खातून (27) और उनके बेटे अब्बास (पांच) के रूप में हुई है। उसने बताया कि यह घटना बुधवार रात की है जब सफरीन और अब्बास सहित चार लोग स्कूटी पर सवार होकर गांव पडसरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि स्कूटी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और स्कूटी मालीपुर-छितौना नहर में जा गिरा।उसने बताया कि सफरीन और अब्बास डूब गए तथा अन्य दो लोग बाल-बाल बच गये। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिये।

### उप्र : मिट्टी खोदते समय ढहा टीला, दो लड़कों की दबकर मौत

**बरेली :** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के बिथरी चैनपुर में बृहस्पतिवार को दो लड़कों की मिट्टी की खोदाई करते समय टीला ढहने से उसके नीचे दबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के तैय्यतपुर में करीब नौ बजे तैयातपुर के 15 वर्षीय मोहित और 13 साल वर्षीय रवि दीपावली के त्योहार के मद्देनजर मंदिर परिसर की लिपाई के लिए गांव के पास स्थित एक टीले से मिट्टी लेने गए थे। सूत्रों के मुताबिक जब वे मिट्टी खोद रहे थे तभी अचानक टीला ढह गया और दोनों लड़के मिट्टी के नीचे दब गये। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने जानकारी मिलते होते ही दोनों लड़कों को मिट्टी से बाहर निकाला और वे उन्हें स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए जिसने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी।

# पूर्ववर्ती सरकारों के समय योग्यता से नहीं, पहुंच और रिश्वत से नौकरी मिलती थी: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में नौकरी योग्यता से नहीं बल्कि ऊंची पहुंच और रिश्वत से ही मिलती थी, लेकिन 2017 के बाद से चयन प्रक्रिया को भेदभाव मुक्त बना दिया गया है । मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,526 ग्राम पंचायत अधिकारियों, 360 ग्राम विकास अधिकारिया (समाज कल्याण) और 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों समेत कुल 1,950 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, 'आप में से कुछ अभ्यर्थियों ने 2017 के पहले भी आवेदन किया होगा। सक्षम व समर्थ होने के बावजूद सिर्फ इसलिए चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि आपके पास पहुंच और अभिभावक के पास इतना पैसा नहीं था कि नियुक्ति करा सकें। सब कुछ होने के बावजूद आपको चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता था।' उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'अगर अच्छे, सक्षम और योग्य अभ्यर्थियों का चयन नहीं होगा तो सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिस तंत्र को कार्य करना है, वह स्वयं लकवाग्रस्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए 2017 में ही तय किया गया कि जितने भी आयोग तथा बोर्ड हैं, वे निष्पक्षता तथा पारदर्शी तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया संपन्न करें।'

### बसपा ने आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किये

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के आलोक में आठ सीटों पर बृहस्पतिवार को उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की । बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक पार्टी ने कटेहरी (अंबेडकर नगर) सीट से अमित वर्मा, फूलपुर (प्रयागराज) सीट से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर (मुजफ्फरनगर) सीट से शाह नजर और सीसामऊ (कानपुर नगर) सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पार्टी ने इन सीटों के अलावा करहल (मैनपुरी) से अवनीश कुमार शाक्य, कुंदरकी (मुरादाबाद) से रफत उल्ला, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग तथा मझवां (मिर्जापुर) से दीपक तिवारी को प्रत्याशी बनाया है।

## संविधान, आरक्षण और सौहार्द को बचाना है : अखिलेश



### अखिलेश ने राहुल के साथ तस्वीर की साझा

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न 'साइकिल' पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवार उतारने के ऐलान के बाद बृहस्पतिवार को कांग्रेस के साथ एकजुटता दिखाते हुए सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और कहा कि दोनों दलों ने संविधान, आरक्षण और सौहार्द को बचाने का संकल्प लिया है। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'हमने ये ठाना है, संविधान, आरक्षण, सौहार्द बचाना है। बापू-बाबासाहेब-लोहिया के सपनों का देश बनाना है।' सपा प्रमुख ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की है जिसमें दोनों नेता एक-दूसरे का हाथ उठाये एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर 'इंडिया' के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न 'साइकिल' पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और सपा एकजुट हैं और 'इंडिया' उपचुनाव में जीत की नई इबारत लिखेगा। सपा ने नौ में से दो सीट गाजियाबाद और खैर 'इंडिया' में उनकी सहयोगी कांग्रेस को दी थीं। लेकिन अटकलें है कि कांग्रेस उप-चुनाव लड़ने में इच्छुक नहीं है। यादव ने 'एक्स' पर कहा था, 'बात सीट की नहीं जीत की है।

## करहल सीट पर मुलायम परिवार के दो सदस्य करेंगे जोर आजमाइश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिये सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को नौ में से सात सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी ने करहल सीट से अनुजेश यादव को मैदान में उतारा है जो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे बहनोई हैं। इस सीट पर मुलायम सिंह यादव परिवार के दो लोग एक दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करते नजर आयेंगे। दिलचस्प यह है कि अनुजेश, करहल से सपा उम्मीदवार तेज प्रताप सिंह यादव के फूफा हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक दरअसल, अनुजेश आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव के सगे जीजा हैं और धर्मेन्द्र सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई हैं। अनुजेश ने जब मार्च 2019 में भाजपा का दामन थामा था, तो बदायूं से तत्कालीन सांसद रहे धर्मेंद्र यादव ने एक पत्र जारी कर उनसे अपना नाता तोड़ने का ऐलान कर दिया था। करहल सीट हमेशा से समाजवादियों का बेहद मजबूत गढ़ रहा है और इस बार भी इस सीट पर सपा और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होने की सम्भावना है। ऐसे में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार के दो सदस्य तेज प्रताप और अनुजेश चुनावी मैदान में एक-दूसरे से जोर-आजमाइश करते नजर आएंगे। भाजपा ने आज जारी सूची में कटेहरी सीट पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक धर्मराज निषाद को उम्मीदवार बनाया है।

## मुख्यमंत्री सोरेन, भाजपा के अमर बाउरी और अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री व झामुमो के नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी और अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री ने बरहेट निर्वाचन क्षेत्र जबकि उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किए। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह इन बहादुर शहीदों और क्रांतिकारियों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। सोरेन ने दावा किया कि वह झारखंड विरोधी ताकतों और षड्यंत्रकारियों के सामने कभी नहीं झुके हैं और न ही झारखंड को कभी झुकने देंगे।

बरहेट झामुमो के गढ़ माने जाने वाले संथाल परगना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जो अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। गठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे के चार मंत्रियों रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और बन्ना गुप्ता समेत कई उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल किए।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस दलितों का अनादर करती है, उनसे तीसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार करती है: हिमंत



**रांची :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह दलितों का अनादर करती है और उनके साथ तीसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार करती है। शर्मा ने हाल में सामने आए एक वीडियो के संबंध में यह टिप्पणी की है, जिसमें प्रियंका गांधी वाद्रा के वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बाहर इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। शर्मा ने रांची में संवाददाताओं से कहा, 'प्रियंका गांधी वाद्रा के नामांकन दाखिल करने के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे के साथ जो व्यवहार किया गया है, लोगों ने उसे देखा है और उसके बाद दलितों के मुद्दे पर कांग्रेस की पोल खुल गई है।' उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी नाटक करते हैं और दिखावा करते हैं कि वह दलितों का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह से खरगे जी के साथ व्यवहार किया गया उससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस दलितों को अछूत और तीसरे दर्जे का नागरिक मानती है।' असम के मुख्यमंत्री शर्मा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह-प्रभारी हैं। उन्होंने कहा, 'खरगे जी के साथ जो हुआ वह स्वतः स्पष्ट है।' वह आज दिन में भाजपा नेताओं के नामांकन भरने के दौरान मौजूद रहेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को कराए जाएंगे जबकि 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### राजस्थान के सिरोही जिले में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के सिरोही जिले में बृहस्पतिवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली के थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यह हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक तेज रफ्तार कार टायर फटने के कारण पलट गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार लोग गुजरात से फलौदी से जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में प्रताप (53), उनकी पत्नी उषा (48), रामूराम (50), पूजा (25) और आशु (11 माह) की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला घायल है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हेमंत सोरेन सरकार चक्रवाती तूफान 'दाना' से भी ज्यादा घातक: शिवराज सिंह चौहान



**रांची :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह 'भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' से भी ज्यादा घातक है।' उन्होंने आगाह किया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार फिर से सत्ता में आई तो यह राज्य में तबाही मचा देगी। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधानसभा चुनाव प्रभारी ने झामुमो सरकार के पांच साल के शासन के दौरान 'भ्रष्टाचार, विनाश और लूट' के लिए गठबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने पहले ही झारखंड को काफी नुकसान पहुंचाया है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने रांची में एक रैली में कहा, 'हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'दाना' से भी ज्यादा घातक है। हालांकि भीषण चक्रवाती तूफान दो दिन बाद गायब हो जाएगा, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार अगर दोबारा सत्ता में आई तो तबाही मचाएगी।' उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

समीक्षा CINE मंत्र

# मेरे परिवार को लड़का होने की उम्मीद थी, लेकिन मेरे जन्म का जश्न मनाया गया: निकिता पोरवाल

फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 की विजेता निकिता पोरवाल का कहना है कि वह एक परंपरावादी परिवार में पली-बढ़ी हैं, जहां उनके माता-पिता नारीवाद और महिला सशक्तिकरण जैसी अवधारणाओं से अपरिचित थे, लेकिन उनके जीवन और कर्म में ये मूल्य समाहित रहे हैं।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पली-बढ़ी पोरवाल को पिछले सप्ताह 'फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024' प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया था। अब वह 2025 में 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता के 72वें संस्करण में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

अभिनेत्री एवं मॉडल निकिता पोरवाल ने कहा कि उनका पालन पोषण बहुत लाड़-प्यार से किया गया और नारीवाद तथा महिला सशक्तिकरण जैसे शब्दों से अनजान होने के बावजूद उनका परिवार महिलाओं के सम्मान को कितना महत्व देता है, यह इसी बात से पता चलता है कि बेटे की उम्मीद के बावजूद उनके जन्म का जश्न मनाया गया। वह बताती हैं कि माहवारी के दिनों में न केवल घर की महिला सदस्य बल्कि पुरूष सदस्य भी उनके आराम और सुविधा का ख्याल रखते हैं।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'मैं उज्जैन के एक बहुत ही विनम्र और साधारण परिवार से आती हूं। मेरे माता-पिता आधुनिक शब्दों जैसे नारीवाद, महिला सशक्तिकरण और न्याय के बारे में अच्छी तरह से परिचित नहीं थे, जिनका हम अक्सर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मैंने हमेशा देखा है कि उनके कार्यों में ये मूल्य समाहित थे।'

पोरवाल के एक बड़े भाई और बहन हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी मां गर्भवती थीं, तो परिवार में हर कोई 'लड़का होने की उम्मीद कर रहा था।'

उन्होंने कहा, 'दो लड़कियों की तुलना में परिवार में दो लड़के होना सही माना जाता है। लेकिन जब मेरा जन्म हुआ, तो सभी को आश्चर्य हुआ। मेरे पिता, मेरे चाचा, मेरे दादा ने मेरे जन्म का जश्न किसी जीत की तरह मनाया, वैसा जश्न उन्होंने मेरे भाई के जन्म के समय भी नहीं किया था।'

पोरवाल ने कहा कि जब उनका मासिक धर्म शुरू हुआ, तो उनसे उम्मीद की जाती थी कि वह रसोई में प्रवेश नहीं करेंगी, तब उनके दादा खुद उन्हें खाना परोसते थे।

उन्होंने कहा, 'मेरे दादा मुझे खाना खिलाते थे। जब मैं स्कूल से लौटती थी, तो मेरे पिता मेरे पैरों की मालिश करते थे। मेरा भाई जो हमेशा मुझसे लड़ता था, वह भी उन दिनों मेरा बहुत ध्यान रखता था...।'

उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार में मेरा पालन पोषण बहुत प्यार से किया गया और इसने मुझे एक ऐसा व्यक्ति बना दिया है जो मानता है कि प्यार एक ऐसी चीज है जो सब कुछ संतुलित कर सकती है। भले ही रीति-रिवाज और मूल्यों का एक-दूसरे के साथ तालमेल न हों, लेकिन प्यार सब कुछ बराबर कर सकता है।'

पोरवाल ने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा उनका साथ दिया। उन्होंने कहा, ''आज, मेरे पास यह खिताब है। मुझे याद है कि जब मैं कुछ भी नहीं थी, तो उन्हें मुझ पर गर्व था और आज भी है। मैं हमेशा किसी न किसी तरह से उन्हें यह सम्मान देना चाहती थी, क्योंकि उज्जैन जैसे साधारण शहर से होने के कारण, अपने बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई जाने देना आसान नहीं है।''

उज्जैन के कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाली और बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाली पोरवाल ने कहा कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने गृह राज्य का प्रतिनिधित्व करके भी खुश हैं।

उन्होंने कहा, 'मैं मध्य प्रदेश का नाम सुनना चाहती थी, क्योंकि पिछले 60 वर्षों में मेरे राज्य में कभी कोई 'फेमिना मिस इंडिया' नहीं रही। यह पहली बार था जब उज्जैन से किसी ने मिस इंडिया में भाग लिया।'

पोरवाल ने कहा कि वह पूर्व सौंदर्य प्रतियोगिता विजेता और बॉलीवुड स्टार ऐश्वर्या राय बच्चन से प्रेरणा लेती हैं।

उन्होंने कहा, 'सुष्मिता सेन, ऐश्वर्या राय बच्चन और प्रियंका चोपड़ा जोनास सहित भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सभी महिलाएं महान प्रेरणादायक शख्सियत रही हैं, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा प्रेरणा ऐश्वर्या राय बच्चन से मिलती है।'

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'भारत सिर्फ एक देश या नाम नहीं है। इसके कई अर्थ हैं और यह (इसका विचार) हर व्यक्ति के लिए अलग है। यह मेरे लिए भी अलग है और इसलिए मैं भारत के अपने विचार का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं।'



## मुझे अंदाजा भी नहीं था कि मैं 50 वर्ष बाद भी काम कर पाऊंगी: शबाना आजमी

बॉलीवुड में 50 वर्ष पूरे कर चुकीं दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी का कहना है कि वह अब भी सोचती हैं कि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

आजमी (74) पार जैसी गंभीर विषय पर आधारित फिल्मों में तो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी हल्के फुल्के हास्य आधारित फिल्म में विविधतापूर्ण फिल्मों के लिए दर्शकों की प्रशंसा पा चुकी हैं। वह अब भी अभिनय का सफर जारी रखना चाहती हैं।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, जब मैंने 50 साल पहले काम शुरू किया था, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि 50 साल बाद भी मैं काम कर पाऊंगी, इसलिए यह वाकई बहुत अच्छा लगता है। मुझे उम्मीद है कि मैं काम करती रहूंगी, क्योंकि अभिनय ही वह काम है, जिससे मुझे सबसे ज्यादा आनंद मिलता है।

लगभग 150 फिल्मों में काम कर चुकीं आजमी ने कहा कि उन्होंने अभी शुरुआत ही की है।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा कहती हूं कि मेरा करियर सही समय पर सही जगह पर है। मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं।

आजमी छह बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पाने वालीं एकमात्र अभिनेत्री हैं। उन्हें अंकुर, अर्थ, भावना, खंडहर, पार और गॉडमदर के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

भारत में समानांतर सिनेमा के क्षेत्र में अग्रणी रहने वालीं आजमी ने कई व्यावसायिक फिल्मों में भी मुख्य भूमिका निभाई है।

उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में भी काम किया है, जिनमें स्टीवन स्पीलबर्ग की हेलो, शेखर कपूर की व्हाट्स लव गॉट्टा डू विद इट, रॉबर्टो बेनिग्निस अभिनीत सन ऑफ द पिंक पैंथर और मर्चेंट आइवरी की इन कस्टडी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन साल बहुत संतोषजनक रहे हैं... लेकिन मैं युवा निर्देशकों के साथ और मुख्यधारा के सिनेमा में भी काम करने में दिलचस्पी रखती हूं।



## 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' हर साल अपना रिकॉर्ड तोड़ती रहेगी : काजोल



'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की प्रमुख अभिनेत्री काजोल का कहना है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा की एक अद्भुत फिल्म है और इसकी सफलता का श्रेय अपने प्यार से इसे दुनिया की सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म बनाने वाले प्रशंसकों को जाता है। वर्ष 1995 की यह रोमांटिक फिल्म इतने सालों बाद भी मुंबई के मराठा मंदिर थिएटर में दिखाई जा रही है। सिमरन की भूमिका में काजोल और राज की भूमिका में शाहरुख खान के अभिनय से सजी यह फिल्म 20 अक्टूबर को 29 साल पूरे कर लेगी।

काजोल ने कहा कि यह फिल्म आज भी वास्तविक और प्रासंगिक लगती है। काजोल ने 'पीटीआई भाषा' से कहा, यह इस समय दुनिया की सबसे लंबी चलने वाली फिल्म है। और यह हर साल अपना रिकॉर्ड तोड़ती रहेगी। लेकिन मुझे लगता है कि डीडीएलजे और 'कुछ कुछ होता है' और इन सभी फिल्मों के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी आप इन्हें देखते हैं तो ये आज भी वास्तविक लगती हैं।' उन्होंने कहा, आप इन किरदारों को पसंद करते हैं और उनसे प्यार करते हैं। मुझे यह कहानी वाकई पसंद आई। मैं इस फिल्म में पूरी तरह डूबी हुई थी। मैंने फिल्म का आनंद लिया। मुझे इसका संगीत और इसकी हर चीज पसंद आई। यह एक अनुभव है। डीडीएलजे एक अद्भुत घटना है और मुझे लगता है कि हमने फिल्म जरूर बनाई थी, लेकिन हमें नहीं पता था कि फिल्म के साथ ऐसा होने वाला है। और हमने इसे इस उद्देश्य से नहीं बनाया था। काजोल ने कहा कि प्रशंसकों ने फिल्म को प्रासंगिक बनाए रखा है।

## मीराबाई के मंदिर में कंगना रणौत ने लगाया ध्यान



अभिनेत्री कंगना रणौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने भतीजे के जन्मदिन समारोह में भी शामिल हुईं। उन्होंने अपने परिवार के साथ मिलकर इसका जश्न मनाया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर दिल छू लेने वाली कुछ तस्वीरें भी साझा की। अब वह राजस्थान पहुंची हैं और वहां पर भगवान कृष्ण के दर्शन किए हैं। दर्शन के बाद अभिनेत्री ने बहुत ही भावनात्मक वर्णन साझा किया है।

अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी कुलदेवी के दर्शन के बाद चित्तौड़गढ़ पहुंचीं और वहां पर मीराबाई और भगवान कृष्ण के दर्शन किए। दर्शन के बाद अभिनेत्री ने अपनी भावनाएं प्रशंसकों के साथ साझा किया। कंगना ने पोस्ट में अपनी प्यारी तस्वीरों के साथ एक नोट भी साझा किया, जिसमें उन्होंने मंदिर में अनुभव किए गए पलों के बारे में विस्तार से बताया।

अभिनेत्री कंगना रणौत ने अपनी चित्तौड़गढ़, राजस्थान के दौरे के बारे में साझा किया। उन्होंने नोट में लिखा, अपनी कुलदेवी के मंदिर में दर्शन करने के बाद हम चित्तौड़गढ़ किले में गए और मीरा बाई के महल और उनके मंदिर का दौरा किया। महल प्रभावशाली था और मंदिर दिव्य था। मीरा बाई के मंदिर में भगवान कृष्ण की प्रतिमा की पूजा की जाती है और उनके पैरों में मीरा बाई की एक छोटी मूर्ति है। मैं वहां बैठकर ध्यान कर रही थी। जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मैंने पाया कि कृष्ण की प्रतिमा की त्वचा गोरी है ना कि उनकी सामान्य काली त्वचा, बहुत नाजुक स्त्रैण हड्डियां और चेहरे की विशेषताएं और सीधे लंबे हल्के भूरे बाल। फिर मैंने मीरा बाई को देखा और महसूस किया कि वह दोनों एक ही व्यक्ति हैं। उस मंदिर में शायद कृष्ण की पूजा मीरा के रूप में की जाती है। इस दृश्य ने मुझे इतनी गहराई से प्रभावित किया कि मेरा चेहरा आंसुओं से भीग गया। वह मीरा नहीं थी वह कृष्ण थे। जब आप उनसे भरे होते हैं तो आप नहीं होते, केवल वह होते हैं।

अभिनेत्री कंगना रणौत को अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। यह एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म में, वह दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाते हुए एक स्वतंत्र निर्देशक के रूप में अपनी शुरुआत कर रही हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पुणे में पानी की टंकी गिरने से पांच श्रमिकों की मौत, पांच घायल


**पुणे (महाराष्ट्र) :** महाराष्ट्र के पुणे जिले में बृहस्पतिवार सुबह श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थायी टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में उस वक्त हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पिंपरी चिंचवड के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेसी ने कहा, ''प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई।'' उन्होंने बताया कि पानी की टंकी के नीचे मौजूद मजदूर मलबे में दब गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पांच अन्य घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है।

### केरल: जीएसटी विभाग ने त्रिशूर में छापेमारी कर 75 करोड़ रुपये की कीमत का 104 किलोग्राम सोना जब्त किया

**त्रिशूर (केरल) :** सोने के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपये है। इस अभियान को 'टोरे डेल ओरो' नाम दिया गया है जिसे राज्य में अपनी तरह का सबसे बड़ा अभियान माना जाता है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है 'सोने की मीनार'। बुधवार शाम शुरू हुआ यह अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और इस दौरान 700 से अधिक अधिकारियों ने पूरे मध्य केरल जिले में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित लगभग 78 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा पिछले छह माह से आभूषण निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने 104 किलोग्राम सोना जब्त करने के अलावा बिलिंग और कराधान प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाईं। इससे पहले, सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान बेहिसाबी 120 किलोग्राम सोना जब्त किया गया।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने को लेकर व्यापक सहमति बनी: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024' में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक ''महत्वपूर्ण घटनाक्रम'' बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है। सिंह ने कहा, ''भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता



के बाद, समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है।'' सिंह ने कहा, ''इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत-चीन समझौते का बुधवार को समर्थन किया तथा विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 की सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत देते हैं। रूस के कजान में, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित करीब 50 मिनट की बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उचित तरीके से निपटाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परस्पर विश्वास, एक-दूसरे का सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता संबंधों का आधार बने रहना चाहिए।

### उप्र में उम्मीदवार नहीं उतारेंगे, 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने संविधान, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में अपने उम्मीदवार नहीं उतारने तथा समाजवादी पार्टी (सपा) के चुनाव चिन्ह 'साइकिल' पर लड़ रहे प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के बाद समाज, प्रदेश और देश के हित में यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न 'साइकिल' पर चुनाव लड़ेंगे।

## वायनाड से प्रियंका के नामांकन को भाजपा ने वंशवादी राजनीति की जीत, योग्यता की हार बताया

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को गांधी परिवार पर तीखा हमला करते हुए वायनाड से उपचुनाव के लिए प्रियंका गांधी वाद्रा के नामांकन करने को वंशवादी राजनीति की जीत और योग्यता की हार क़रार दिया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रियंका गांधी के चुनावी हलफनामे में संपत्ति की घोषणा में विसंगतियों का दावा किया। साथ ही उन्होंने गांधी परिवार पर आरोप लगाया कि उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के अंदर नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान किया। उन्होंने केरल की वायनाड सीट से प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, यह गांधी परिवार के भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति की जीत एवं प्रतिभा की हार है। भाटिया ने दावा किया कि प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने चुनावी हलफनामे में जो संपत्ति घोषित की है, वह उनकी और उनके पति रॉबर्ट वाद्रा की संपत्ति से बहुत कम है। उन्होंने कहा, चुनावी हलफनामे में घोषित रॉबर्ट वाद्रा की संपत्ति कम है किन्तु आयकर विभाग द्वारा उन पर लगाए गए आयकर की राशि कहीं ज्यादा है। आयकर विभाग ने कुल 75 करोड़ रुपये की (कर) मांग की है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका वाद्रा का चुनावी हलफनामा गांधी परिवार और रॉबर्ट वाद्रा द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति है। गांधी परिवार पर वंशवादी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रियंका गांधी को अब तक पदोन्नत ही किया गया है, इसके बावजूद कि वह पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर सकीं।

## ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। पीठ ने कहा, ''हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते।'' शीर्ष अदालत ने कहा, ''तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें।'' याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। वकील ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय का आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।''

## दिवाली और छठ पूजा के लिए 7,000 विशेष ट्रेन चलाएगा रेलवे: मंत्री



**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे इस साल दिवाली और छठ पूजा के लिए 7,000 विशेष ट्रेन चलाएगा, जिससे प्रतिदिन दो लाख अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल दिवाली और छठ पूजा के दौरान त्योहारी भीड़ को देखते हुए 4,500 विशेष ट्रेन चलाई गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे (एनआर) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं। एनआर ने हाल ही में एक प्रेस बयान में कहा कि वह लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष ट्रेन के लगभग 3,050 फेरे संचालित करेगा। इसमें कहा गया है, ''वर्ष 2023 में भारतीय रेलवे ने विशेष त्यौहार ट्रेन चलाईं, जिसमें उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेन के 1,082 फेरे संचालित किये। इस साल ट्रेन के 3,050 फेरे संचालित किये जाएंगे, जो 181 प्रतिशत की वृद्धि है।'' इसमें कहा गया है, ''विशेष ट्रेन के अलावा, अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं।''

# उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के अपने पहले दौरे के दौरान बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हाल के विधानसभा चुनाव में अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 90 विधानसभा सीट में से 42 सीट प्राप्त कर अपनी सरकार बनाई है। चुनाव में पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन था। नयी सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू कश्मीर को पुन: राज्य का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रयासों को क्षेत्र के निवासियों की विशिष्ट पहचान की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है। अब्दुल्ला की मोदी से मुलाकात प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा गांदरबल जिले के गगनगीर में सात लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के चार दिन बाद हुई है। इस आतंकी हमले में एक स्थानीय डॉक्टर और छह गैर-स्थानीय श्रमिक मारे गए थे।

## न्यूज अपडेट

### शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को एनआईओएस की अध्यक्ष पद से हटाया

**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली पुलिस ने सरोज शर्मा के खिलाफ उनके ड्राइवर की आत्महत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। ड्राइवर ने शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर शर्मा पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया था। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, शर्मा को उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में वापस भेज दिया गया है। इस घटनाक्रम पर शर्मा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। शर्मा के स्टाफ ड्राइवर राम कुमार, जो एनआईओएस कर्मचारी थे, ने 27-28 सितंबर की दरम्यानी रात आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले कुमार एक पत्र छोड़ गए थे जिसमें शर्मा पर उन्हें मानसिक पीड़ा देने और उन पर जातिवादी गालियां देने तथा उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। मंत्रालय के आदेश में कहा गया, ''प्रो. सरोज शर्मा को एनआईओएस की अध्यक्ष पद से उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में समय से पहले वापस भेजने के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की 21 अक्टूबर, 2024 की मंजूरी के परिणामस्वरूप, उन्हें 23 अक्टूबर से कार्यमुक्त किया जाता है।'' इस महीने की शुरुआत में गुजरात सरकार ने भारतीय अध्यापक शिक्षा संस्थान (आईआईटीई) की कुलपति के रूप में शर्मा की नियुक्ति रद्द कर दी थी। उन्हें पांच सितंबर को इस पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्होंने कार्यभार नहीं संभाला था।

### कचरे से धन: केंद्र ने रद्दी के निपटान से 100 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने महीने भर तक जारी रहने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान रद्दी के निपटान से 100 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। यह जानकारी एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। अधिकारी ने कहा कि अभियान अवधि के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों ने बेकार पड़ीं 12 लाख से अधिक फाइलों को अब तक निपटाया है और इससे 97.2 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है। विशेष अभियान 4.0, 'स्वच्छता' को संस्थागत बनाने और सरकार में लंबित मामलों को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को लागू करता है। अभियान दो से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान से संबंधित नोडल प्रभाग प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि इसके कार्यान्वयन के पहले दो हफ्तों के बाद अभियान ने महत्वपूर्ण गति पकड़ ली है और नियमों को सुगम बनाने तथा नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के संदर्भ में कई नवीन सर्वोत्तम प्रथाएं देखी गई हैं।

### कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए 48 उम्मीदवार घोषित किए

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, पटोले को उनके वर्तमान क्षेत्र साकोली से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण को भी उनकी मौजूदा सीट कराड दक्षिण से उम्मीदवार घोषित किया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वेडेट्टिवार को ब्रह्मपुरी, पूर्व मंत्री अमित देशमुख को लातूर शहर और असलम शेख को मलाड पश्चिम से उम्मीदवार बनाया गया है। महाराष्ट्र में सभी 288 विधानसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के चार दिनों में कर्मचारियों ने 7.5 लाख से अधिक ऑनलाइन पाठ्यक्रम पूरे किए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के पहले चार दिन में 'इंटीग्रेटेड ऑनलाइन ट्रेनिंग' (आईजीओटी) मंच का उपयोग कर कर्मचारियों ने 7.5 लाख से अधिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए। कार्मिक मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 अक्टूबर को 'कर्मयोगी सप्ताह' या राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (एनएलडब्ल्यू) का आरंभ किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केवल चार दिन में आईजीओटी मंच पर 7,50,000 से अधिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए गए जो निरंतर सीखने और पेशेवर विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें कहा गया, ''इस कार्यक्रम में बढ़ रही भागीदारी, कौशल विकास और सार्वजनिक सेवा में मांगों के अनुरूप आगे रहने की लोक सेवकों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'' मंत्रालय ने कहा कि जैसे-जैसे एनएलडब्ल्यू गति पकड़ रहा है, भारत और विश्व के अग्रणी लोग ज्ञान और विकास की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साही भारतीय शिक्षार्थियों के साथ एकजुट हो रहे हैं।

## समाज्ञा व्यापार

# यातायात उल्लंघन की जांच के लिए एआई, नवीन प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रस्ताव : गडकरी

**नयी दिल्ली :** सरकार यातायात उल्लंघन की जांच करने और सही जुर्माना सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य नवीन तरीकों का उपयोग करने का प्रस्ताव कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। 'ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो' के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने टोल संग्रह विधियों को उन्नत करने की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें सैटेलाइट टोल प्रणाली भी शामिल है, जिससे टोल संग्रह की दक्षता में सुधार होगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। गडकरी ने कहा कि उन्नत इंजीनियरिंग समाधान को एकीकृत किए बिना, कानूनों को लागू किए बिना और एआई जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाए बिना सड़क सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए मंत्रालय के दृष्टिकोण पर




प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने में सहयोग करने के लिए निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। गडकरी ने कहा, एक समर्पित विशेषज्ञ समिति स्टार्टअप और उद्योग जगत के अगुवाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सर्वोत्तम विचारों को क्रियान्वित किया जाए। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, समिति को तीन महीने के भीतर अपने मूल्यांकन को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में तेजी से सुधार लाना है। गडकरी ने उच्च गुणवत्ता मानकों, खासकर कैमरों जैसी निगरानी तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि गुणवत्ता और मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा, चाहे समाधान बड़ी या छोटी कंपनियों से आए।

## एफआईआई की बिकवाली से शेयर बाजार चौथे दिन भी गिरा, सेंसेक्स, निफ्टी में हल्की गिरावट

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 17 अंक गिर गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी जारी रहने और वित्तीय परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने से दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में कारोबार हल्का रहा और यह 16.82 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,065.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 80,259.82 अंक तक गया जबकि नीचे में 79,813.02 अंक तक आया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.10 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,399.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई।

## अगले पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करने का इरादा : नागर विमानन मंत्री



**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। नायडू ने देश की हवाई अड्डा पारिस्थितिकी को और विकसित करने की वकालत करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डों को विकसित करने का है। यह संख्या अगले 20 वर्षों में 200 अतिरिक्त हवाई अडडों तक हो जाने की उम्मीद है।

## उच्च न्यायालय ने विमान हादसे में मारे गए पायलट के परिजनों के लिए मुआवजा राशि घटाई

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने एयर इंडिया चार्टर्स लिमिटेड को विमान हादसे में दिवंगत पायलट के परिजनों को मुआवजे के रूप में 4.63 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने वाले श्रम अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। इस पायलट की वर्ष 2010 में मंगलुरु हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की एकल पीठ ने 23 अक्टूबर के अपने फैसले में कहा है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का स्वामित्व रखने वाली कंपनी एयर इंडिया चार्टर्स लिमिटेड को हादसे के समय के पायलट के वेतन को ध्यान में रखते हुए 3.32 करोड़ रुपये का मुआवजा देना होगा।


पीठ ने कहा कि मुआवजे के तौर पर 4.63 करोड़ रुपये देने का पिछला आदेश विकृत है और इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता है। किफायती विमानन सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान 22 मई, 2010 को मंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में पायलट ज़्लाटको ग्लुसिका (सर्बियाई नागरिक) समेत सभी 158 सवारियों की मौत हो गई थी। ग्लुसिका के परिवार ने एयरलाइन से 7,45,580 अमेरिकी डॉलर के मुआवजे की मांग की थी। दावा किया गया था कि उस समय वह 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति माह कमा रहे थे। हालांकि, कंपनी ने कहा कि हादसे के समय उनका वेतन 9,170 अमेरिकी डॉलर था। सितंबर, 2012 में एयर इंडिया चार्टर्स ने मुंबई में श्रम आयुक्त (कर्मचारी मुआवजा) के कार्यालय में 3.32 करोड़ रुपये की अंतरिम राशि जमा कर दी थी। अक्टूबर 2013 में, कर्मचारी मुआवजा आयुक्त ने एयर इंडिया चार्टर्स को 7,45,580 अमेरिकी डॉलर यानी 4,63,37,797 रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ एयर इंडिया चार्टर्स ने उच्च न्यायालय में अपील की थी।

### आभूषण विक्रेताओं की मांग घटने से सोने, चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से फिसलीं

**नयी दिल्ली:** आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर से 300 रुपये की गिरावट के साथ 81,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं के कमजोर उठान के कारण बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1.01 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जिससे छह दिन से चली आ रही तेजी का सिलसिला टूट गया।

## टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी, केप्पल कम लागत में उपलब्ध कराएंगी 'कूलिंग' सेवा

**नयी दिल्ली :** टाटा पावर की पूर्ण अनुषंगी टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी और सिंगापुर की केप्पल लि. ने ऊर्जा दक्ष और कम लागत में जगह को ठंडा रखने के लिए 'कूलिंग-एज-ए-सर्विस' शुरू करने को लेकर गठजोड़ किया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि इसके तहत जहां पर्यावरण अनुकूल समाधानों में विशेषज्ञता रखने वाली केप्पल उपकरण उपलब्ध कराएगी, वहीं टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी हरित ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ बिजली प्रबंधन का काम देखेगी। 'कूलिंग-एज-ए-सर्विस' (सीएएएस) एक कारोबारी मॉडल है। इसके तहत ग्राहक जगह को ठंडा करने के उपकरण और संबंधित बुनियादी ढांचे में निवेश किये बिना भुगतान आधार पर कूलिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते है। इस मॉडल में, सेवा प्रदाता कूलिंग उपकरण उपलब्ध कराता है और उसका संचालन करता है और ग्राहक उपयोग के आधार पर इसका भुगतान करता है। इससे कूलिंग की व्यवस्था सस्ती और कम ऊर्जा खपत वाली होती है। बयान के अनुसार, यह गठजोड़ देश




में कूलिंग कार्ययोजना (आईसीएपी) और स्मार्ट सिटी मिशन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य प्रमुख शहरी क्षेत्रों और वाणिज्यक तथा औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जिला कूलिंग प्रणाली (डीसीएस) के साथ-साथ व्यक्तिगत इमारतों में कूलिंग उपकरणों की तैनाती के माध्यम से ठंडा करने का समाधान प्रदान करना है। यह सहयोग हवाई अड्डों, आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्रों, डेटा केंद्रों और अन्य औद्योगिक और वाणिज्यिक संपत्तियों जैसे उच्च-मांग वाले परिवेश पर केंद्रित है। इन जगहों पर कूलिंग समाधान के माध्यम से ऊर्जा के उपयोग को 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है जिससे कार्बन उत्सर्जन में 50 प्रतिशत तक की कटौती में मदद मिल सकती है।

## दूरसंचार निकाय सीओएआई ने लाइसेंस शुल्क में कटौती की वकालत की

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार उद्योग के संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने दूरसंचार कंपनियों के लिए समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित शुल्क को यथाशीघ्र समाप्त करने या कम करने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया। साथ ही लाइसेंस शुल्क को सकल राजस्व का 0.5-1 प्रतिशत करने की वकालत भी की। सीओएआई ने तर्क दिया कि स्पेक्ट्रम को लाइसेंस से अलग करने और बाजार मूल्य पर इसके आवंटन के साथ लाइसेंस शुल्क लगाने का औचित्य बहुत पहले ही समाप्त हो गया था। दूरसंचार निकाय के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शामिल हैं। उसने कहा कि दूरसंचार कंपनियों से एजीआर के आधार पर लिया जाने वाला भुगतान कंपनियों के लिए 'दोहरी मार'' है, क्योंकि स्पेक्ट्रम खरीदने के लिए उन्हें पहले ही भारी निवेश करना पड़ता है। सीओएआई ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि दूरसंचार सेवाप्रदाता (टीएसपी) पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के जरिये स्पेक्ट्रम खरीदते हैं और इसके इस्तेमाल का अधिकार हासिल करने के लिए एक बड़ी राशि का भुगतान करते हैं। हालांकि, इसके साथ ही टीएसपी से एजीआर के आधार पर भी भुगतान लिया जाता है, जो स्पेक्ट्रम की खरीद के लिए किए गए भारी निवेश को देते हुए उनके लिए दोहरी मार है।'' दूरसंचार उद्योग के संगठन ने उदाहरण देते हुए तर्क दिया कि कोई उपभोक्ता जो संपत्ति खरीदता है, वह उसमें रहने के लिए कोई किरायेदारी शुल्क नहीं देता है। सीओएआई के महानिदेशक एस. पी. कोचर ने कहा, 'हालांकि दूरसंचार क्षेत्र में टीएसपी भारी कीमत पर स्पेक्ट्रम खरीदते हैं और उसके बाद उसी के लिए एजीआर से संबंधित भारी भुगतान भी करते हैं। यह एक मकान खरीदने और उसके लिए किराएदार का किराया चुकाने के बराबर होगा।'

# वॉशिंगटन सुंदर के नाम पुणे टेस्ट का पहला दिन, ‘सत्ता’ जड़कर न्यूज़ीलैंड की कमर तोड़ी


## भारत अपनी पहली पारी में 16/1

**पुणे :** पुणे टेस्ट में पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने अपनी पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 16 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अब भी 243 रन पीछे है। शुभमन गिल 10 रन और यशस्वी जायसवाल छह रन बनाकर नाबाद हैं। भारत को एकमात्र झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में लगा। वह खाता नहीं खोल सके।



न्यूजीलैंड की पहली पारी 259 रन पर सिमट गई। पहले टेस्ट के लिए स्क्वॉड में नहीं चुने गए वॉशिंगटन सुंदर को दूसरे स्क्वॉड के लिए अचानक टीम में बुलाया गया और उन्हें प्लेइंग-11 में भी शामिल किया गया। कुलदीप यादव की जगह उन्हें शामिल किया गया और टीम मैनेजमेंट के इस फैसले को सुंदर ने सही साबित करते हुए सात विकेट झटके हैं। उन्होंने 23.1 ओवर में 59 रन देकर सात विकेट झटके। इनमें पांच खिलाड़ियों को उन्होंने क्लीन बोल्ड किया। एक एल्बीडब्ल्यू और एक कैच आउट रहा। बाकी के तीन विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। सुंदर ने रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम साउदी, एजाज पटेल और मिचेल सैंटनर को आउट किया है। वहीं, अश्विन ने कप्तान टॉम लाथम, विल यंग और डेवोन कॉनवे को पवेलियन भेजा। कॉनवे ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। वहीं, रचिन रवींद्र ने 65 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी 35+ रन का आंकड़ा नहीं छू सका। लाथम 15 रन, विल यंग 18 रन, डेरिल मिचेल 18 रन, टॉम ब्लंडेल तीन रन, ग्लेन फिलिप्स नौ रन, टिम साउदी पांच रन और एजाज पटेल चार रन बनाकर आउट हुए। यह सुंदर का बेस्ट स्पेल है। यह उनका टेस्ट में पहला फाइफर है। यह छठी बार है जब भारत में किसी टेस्ट के पहले दिन स्पिनर्स ने पहली पारी में विपक्षी टीम के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट किया हो। इस साल ऐसा दूसरी बार हुआ है। इससे पहले धर्मशाला में भारतीय स्पिनर्स ने इंग्लैंड की पहली पारी में सभी 10 विकेट लिए थे।

## बंगाल वारियर्ज ने यूपी योद्धाज को मात दी, हरियाणा स्टीलर्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स को हराया



**हैदराबाद :** बंगाल वारियर्ज ने बृहस्पतिवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के करीबी मुकाबले में यूपी योद्धाज को 32-29 से शिकस्त दी। बंगाल वारियर्ज के लिए मनिंदर सिंह, सुशील काम्ब्रेकर और नितिन धनखड़ ने शानदार प्रदर्शन किया जबकि यूपी योद्धाज के लिए भरत ने 13 अंक जुटाये। हाफ टाइम तक बंगाल की टीम 12-11 की बढ़त बनाये थी। यह वारियर्जकी सत्र की पहली जीत है। वहीं शाम को हुए मैच में विनय के शानदार सुपर 10 की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स को 37-25 से शिकस्त दी।

## भारतीय फुटबॉल टीम एक पायदान के फायदे से फीफा रैंकिंग में 125वें स्थान पर

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 125वें स्थान पर पहुंच गई। इस महीने की शुरुआत में वियतनाम के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच में 1-1 से ड्रॉ की बदौलत भारत ने एक पायदान का सुधार किया। नये कोच मानोलो मार्केज के मार्गदर्शन में भारत ने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। टीम उनकी कोचिंग में एक बार हारी है और दो बार ड्रॉ खेले हैं। इससे भारत को +0.26 अंक मिले हैं जिससे टीम के कुल अंक 1133.78 हो गए हैं। एएफसी तालिका में भी भारत एक पायदान के लाभ से 22वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि वियतनाम को तीन पायदान का नुकसान हुआ है।

## राधा की फिरकी में उलझा न्यूजीलैंड, भारत ने पहला महिला एकदिवसीय 59 रन से जीता

**अहमदाबाद :** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बृहस्पतिवार को यहां न्यूजीलैंड को 59 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत के 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम राधा (35 रन पर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी साइमा ठाकोर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 40.4 ओवर में 168 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा (35 रन पर एक विकेट) और अरुंधति रेड्डी (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले केर बहनों अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे



न्यूजीलैंड ने भारत को 44.3 ओवर में 227 रन समेटा। लेग स्पिनर अमेलिया ने 42 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज जेस ने 49 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए। ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन ने भी 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए। दीप्ति (41), पदार्पण कर रही तेजल हसबनिस (42), शेफाली वर्मा (33), यस्तिका भाटिया (37) और जेमिमा रोड्रिग्स (35) ने अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाए।

## भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप मैच ने ग्रुप चरण में स्टेडियम में सबसे ज्यादा दर्शकों का रिकॉर्ड बनाया

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हाल ही संपन्न महिला टी20 विश्व कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच छह अक्टूबर को खेले गए मैच में 15,935 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के किसी मैच का नया रिकॉर्ड है। आईसीसी ने गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, “ छह अक्टूबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच ने महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में ग्रुप चरण के मैच में सबसे अधिक दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बना।” भारत ने इस मैच को छह विकेट से जीता था। उन्होंने कहा, “ ग्रुप ए के इस मैच के लिए स्टेडियम में 15,935 दर्शक मौजूद थे। यह दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता को भी दर्शाता है।”

## आई-लीग का आगाज 22 नवंबर से होगा

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि 2024-25 सत्र के आई-लीग का आगाज 22 नवंबर से होगा। लीग के शुरुआती दिन दो मैच खेले जायेंगे। इसका उद्घाटन मैच हैदराबाद में श्रीनिदि डेक्कन और गोकुलम केरल के बीच खेला जायेगा जबकि दूसरे मुकाबला पश्चिम बंगाल के नैहाटी में इंटर काशी की टीम स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु की मेजबानी करेगी। इस 12 टीमों की लीग का आयोजन छह अप्रैल 2025 तक होगा। देश की दूसरे स्तर की लीग के आगामी सत्र में स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु और डेम्पो एससी नयी टीमें होंगी। यह दोनों टीमें आईलीग 2 में पिछले सत्र की विजेता और उपविजेता रही थी। एआईएफएफ ने बताया कि उसने गुरुवार को आई-लीग क्लब मालिकों के साथ एक बैठक कर प्रायोजन और प्रसारण के मुद्दों पर चर्चा की। एआईएफएफ के महासचिव अनिलकुमार ने कहा, “ हमें उम्मीद है कि हम टूर्नामेंट और प्रसारण से जुड़ी प्रक्रिया को नवंबर के दूसरे सप्ताह में पूरी कर लेंगे। आईलीग का पहला मैच 22 नवंबर से है। इस बैठक में आई-लीग क्लबों ने कुछ मुद्दे उठाये और हम उस पर विचार कर रहे हैं।

## भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को दूसरे टेस्ट में हराया

### श्रृंखला शूटआउट में गंवाई



**नयी दिल्ली :** कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के दो दो गोल की मदद से भारत ने दूसरे हॉकी टेस्ट में विश्व चैम्पियन जर्मनी को 5-3 से हराया लेकिन दो मैचों की श्रृंखला शूटआउट में 1-3 से गंवा दी। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 11 साल बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी के साथ भारत को बुधवार को पहले टेस्ट में 0-2 से पराजय झेलनी पड़ी थी। दूसरे टेस्ट में जर्मनी के लिये एलियान माजकूर (सातवां और 57वां मिनट) ने दो और हेनरिक मर्टजेंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। भारत ने दूसरे हाफ में सुखजीत सिंह (34वां और 48वां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां और 43वां) और अभिषेक (45वां मिनट) के गोलों के दम पर जीत दर्ज की। शूटआउट में भारत को 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा। शूटआउट में हरमनप्रीत, अभिषेक, मोहम्मद राहील के निशाने चूके जबकि भारतीय टीम में पदार्पण करने वाले आदित्य अर्जुन लालगे ने गोल दागा। भारत के गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने दो गोल बचाये लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके शुरूआती मिनटों में कई मौके बनाये लेकिन जर्मन डिफेंस को नहीं भेद सके। जर्मनी ने सातवें मिनट में एलियान के गोल के दम पर बढत बना ली जिन्होंने दाहिने कॉर्नर से रिवर्स शॉट पर गोल दागा। दो मिनट बाद आदित्य गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन जरमनप्रीत सिंह से मिले पास पर उनका शॉट जर्मनी के गोलकीपर जोशुआ एन ओंयेकवू ने बचा लिया जिन्होंने कल भारत के आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक भी बचाया था।

प्रिय मित्र को




हार्दिक बधाई

हिन्दी पत्रकारिता जगत में निष्पक्ष लेखनी के माध्यम से समाज का आईना बनने पर सेवा संसार के सम्पादक **श्री संजय हरलालका** को American East Coast University द्वारा Media and Mass Communication के क्षेत्र में HONY DOCTARATE प्रदान किये जाने पर गर्वान्वित।

शुभेच्छु: पवन बंसल | प्रदीप जालान | राजेश पोद्दार | आनन्द पसारी | संजय अग्रवाल ( नीमका थाना ) | आदित्य विक्रम तुलस्यान




For Retail and Wholesale Orders : • VIP Road - 98300 11120 • Burrabazar - 98300 11135 / 98300 11136 • Brabourne Road - 98300 11139 • Kankurgachi - 82760 37171 / 98300 11134 • Sealdah - 98300 11140 • Hazra - 98300 11137 • New Town-Misti Hub - 98300 11138 • Howrah South (G. T. Road) - 98756 11243 • Belur - Rangoli Mall - 98756 11168 / 85849 55886 • Barrackpore - 98300 11192 • Asansol - 98756 11271 / 74320 48840 • Kharagpur - 98756 11174 / 89720 53210 • Siliguri - 98756 11162 / 98300 11143 • Coochbehar - 98756 11192

अपने नज़दीकी स्टोर या शॉपिंग मॉल के फूड मार्ट से आज ही खरीदें

For Business Enquiry & Corporate Booking +91 9830011127

Corporate Office : Haldiram Bhujiawala Limited, P-420 Kazi Nazrul Islam Avenue, VIP Road, Kolkata - 700052 | Email : enquiry@prabhujipurefood.com

PrabhujiPureFood | Customer Care : 98756 11111/033 40144422 | For Trade Enquiry, Call : 98756 11111

Scan for more information

वर्ष 9, पूर्णांक 4041 अंक 191, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in